रांची से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# अलग पहचान

सत्य की उड़ान

रांची, गुरुवार 20 जून 2024, वर्ष 10, अंक 166, पृष्ठ 8, मूल्य 5/ रुपया

alagpahchan@gmail.com www.alagpahchan.com

### झारखंड को नशा मुक्त प्रदेश बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध

## सीएम चम्पाई सोरेन ने नशा मुक्त झारखंड अभियान के छह जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

झारखंड को नशा मुक्त प्रदेश बनाना है और इसमें हर किसी को अपनी सहभागिता निभानी होगी । सभी के प्रयासों से ही मादक और नशीले पदार्थों पर रोकथाम संभव है। मुख्यमंत्री श्री चम्पाई सोरेन ने आज झारखंड मंत्रालय में आयोजित कार्यक्रम में नशा मुक्त झारखंड बनने के लिए जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के क्रम में यह संकल्प दोहराया। इस अवसर पर सभी ने नशा मुक्त झारखंड अभियान के तहत एकजुट होकर स्वयं, परिवार और समाज को नशा से दूर रहने की शपथ ली।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नशे पर नियंत्रण की दिशा में जागरूकता रथ को रवाना किया जाना एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे नशे के दुष्प्रभाव के प्रति लोगों को जागरूक करने में मदद मिलेगी। लोग यह समझ सकेंगे की नशे की वजह से उनका कितना नुकसान हो रहा है और इससे कैसे बचा जा सकता है। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि नशे के खिलाफ प्रचार -प्रसार से लोग जागरूक होंगे और दूसरों को भी नशे से दूर रखने के लिए प्रेरित करेंगे।

**बेहतर समाज और बेहतर राज्य बनाना है**

मुख्यमंत्री ने कहा कि बेहतर समाज और बेहतर राज्य बनाने के लिए नशा पर नियंत्रण बहुत जरूरी है। शहर हो या गांव, हर किसी को नशे से दूर रहना होगा । जो नशा को बढ़ावा दे उसे भी रोकने के लिए हम सभी को आगे आना होगा। हर किसी के सहयोग से हम अपने इस अभियान में निश्चित तौर पर सफल होंगे। अगर अगर हम आज नशा पर नियंत्रण नहीं कर पाएंगे तो आगे और भी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। इसलिए हर तरह के नशे की प्रवृत्ति को रोकने की जरूरत है।

**नशे से समाज में फैल रही कई विकृतियां**

मुख्यमंत्री ने कहा कि कि नशे की वजह से समाज में तरह-तरह की विकृतियां फैलती है। इससे युवाओं में अपराध की प्रवृत्ति बढ़ती है । परिवार में अलगाव की स्थिति पैदा होती । आपसी संबंधों में दरार आने लगता है। समाज गलत दिशा में आगे बढ़ने लगता है। सबसे बड़ी बात कि नशा का सेवन करने वालों के स्वास्थ्य पर इसका काफी नकारात्मक असर पड़ता है। शारीरिक और मानसिक बीमारियां उसे गिरफ्त में लेने लगती है। यह उस व्यक्ति के साथ उसके परिवार समाज और राज्य के लिए भी स्वस्थ नहीं है। ऐसे में युवाओं को नशा से दूर रहना होगा। यह तभी संभव है ,जब उन्हें नशे के दुष्प्रभाव से अवगत किया जाएगा।









## प्रधानमंत्री मोदी ने कहा , नालंदा एक मूल्य है, मंत्र है, गौरव है, गाथा है



*बिहार / पटना/नालंदा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को बिहार के राजगीर में नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का उद्घाटन किया । इस मौके पर अपने उद्घाटन भाषण में मोदी ने कहा कि बिहार अपने गौरव को वापस लाने के लिए जिस तरह विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है, नालंदा का ये परिसर उसी की एक प्रेरणा है। नालंदा एक पहचान है, एक सम्मान है। नालंदा एक मूल्य है, मंत्र है, गौरव है, गाथा है।*

*प्रधानमंत्री ने कहा कि नालंदा इस सत्य का उद्घोष है कि आग की लपटों में पुस्तकें भले जल जाएं लेकिन आग की लपटें ज्ञान को नहीं मिटा सकतीं। इस मौके पर विदेश मंत्री एस जयशंकर और 17 देशों के राजदूत और बिहार के सीएम नीतीश कुमार, राज्यपाल विश्नाथ राजेंद्र अर्लेकर, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और संसदीय कार्यमंत्री विजय चौधरी ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया।*

*प्रधानमंत्री ने कहा कि हम सभी जानते हैं कि नालंदा कभी भारत की परंपरा और पहचान का जीवंत केंद्र हुआ करता था। शिक्षा को लेकर यही भारत की सोच रही है। शिक्षा ही हमें गढ़ती है, विचार देती है और उसे आकार देती है। प्राचीन नालंदा में बच्चों का प्रवेश उनकी पहचान, उनकी राष्ट्रीयता को देख कर नहीं होता था। हर देश हर वर्ग के युवा यहां पर अध्ययन करने के लिए आते थे। नालंदा विश्वविद्यालय के इस नए परिसर में हमें उसी प्राचीन व्यवस्था को फिर से आधुनिक रूप में मजबूती देनी है और मुझे ये देख कर खुशी है कि दुनिया के कई देशों से आज यहां कई विद्यार्थी आने लगे हैं। दुनिया के कई देशों से यहां छात्र आने लगे हैं। नालंदा में 20 से ज्यादा देशों के छात्र पढ़ाई कर रहे हैं। ये वसुधैव कुटुंबकम की भावना का कितना सुंदर प्रतीक है।*

*प्रधानमंत्री ने कहा, '21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस है। भारत में योग की सैकड़ों विधाएं मौजूद हैं। हमारे ऋषियों ने कितना गहन शोध इसके लिए किया होगा लेकिन किसी ने योग पर एकाधिकार नहीं बनाया। पूरा विश्व योग को अपना रहा है, योग दिवस एक वैश्विक उत्सव बन गया है।*

## नीतीश ने मोदी की उंगली देखी, फिर कुछ बात हुईः कल मंत्री और डिप्टी सीएम का सिर टकराया था



**पटना**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार के दौरे पर थे। राजगीर में उन्होंने नालंदा विश्वविद्यालय के खंडहर देखे और नए कैंपस का उद्घाटन किया। इस मौके पर एक दिलचस्प वाकया हुआ। मंच पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अचानक प्रधानमंत्री मोदी का हाथ पकड़कर कुछ देखने लगे। पीएम ने मुस्कुराते हुए उनसे बात की और उनके सवाल का जवाब दिया। ये देखकर प्रधानमंत्री की सुरक्षा में तैनात एसपीजी के जवान भी उनकी तरफ देखने लगे।

मंगलवार को नीतीश कुमार एक बार फिर से अपने पुराने अंदाज में नजर आए थे। स्वतंत्रता सेनानी भूपेंद्र मंडल को श्रद्धांजलि देने के लिए मुख्यमंत्री बिहार विधानसभा परिसर पहुंचे। यहां उन्होंने मंत्री अशोक चौधरी और उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा के सिर को आपस में टकराया। उन्होंने हंसते हुए ये सब किया। सीएम यहीं नहीं रुके। उन्होंने मंत्री अशोक चौधरी, मंत्री प्रेम कुमार और उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा का भी सिर टकराया। इस दौरान वहां मौजूद सभी लोग ठहाके लगाते दिखे।

**दिल्ली में नीतीश ने छू लिए थे PM के पैर**

दिल्ली में 7 जून को NDA की बैठक में पीएम नरेंद्र मोदी को संसदीय दल का नेता चुना गया। इस दौरान 17 नेताओं ने भाषण दिया, लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा नीतीश की हुई। नीतीश कुमार भाषण के तुरंत बाद पीएम के पास आए और उनके पैर छूने लगे।

भाषण के बाद नीतीश मंच पर मोदी के पास पहुंचे और हाथ पकड़कर अभिवादन किया। भाषण के बाद नीतीश मंच पर मोदी के पास पहुंचे और हाथ पकड़कर अभिवादन किया। मोदी ने दोनों हाथों से हाथ पकड़ लिया और दोनों ने एक-दूसरे का अभिवादन किया।

7 नवंबर 2023 को सीएम नीतीश अपने ही कैबिनेट मंत्री अशोक चौधरी के पिता महावीर चौधरी को श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे। इस दौरान, उन्होंने महावीर चौधरी को श्रद्धांजलि देने के बदले अशोक चौधरी पर ही फूल बरसना शुरू कर दिया था। हालांकि बाद में इसको लेकर जदयू की तरफ से तरह-तरह के तर्क भी दिए गए। अब इसी बात पर जीतन राम मांझी ने आज अपने ट्वीट के जरिए नीतीश पर निशान साधा है।

## चंपाई सोरेन के नेतृत्ववाली झारखंड सरकार के मंत्रिमंडल पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं : सरयू राय

**झारखंड** । चंपाई सोरेन के नेतृत्ववाली झारखंड सरकार के मंत्रिमंडल पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। चंपाई मंत्रिमंडल में फिलहाल दस मंत्री हैं, जिस पर सवाल उठने शुरू हो गये हैं। झारखंड सरकार के मंत्रिमंडल में कुल मंत्रियों की संख्या 12 होनी चाहिए। जबकि अभी चंपाई कैबिनेट में मंत्रियों की संख्या मात्र दस है। इस मामले में झारखंड के राज्यपाल से हस्तक्षेप की मांग भी उठनी शुरू हो गयी है।

हालांकि इससे पूर्व रघुवर दास की सरकार में कैबिनेट मंत्रियों की संख्या 11 ही थी। 2019 के विधानसभा चुनाव के बाद जब हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार बनी तो उन्होंने भी अपने मंत्रिपरिषद में 11 मंत्रियों को ही जगह दी। अब जबकि हेमंत सोरेन जमीन घोटाले के आरोप में जेल में बंद हैं। उनकी जगह झामुमो के वरिष्ठ मंत्री चंपाई सोरेन मुख्यमंत्री बना दिये गये हैं। इधर चंपाई कैबिनेट के एक और साथी तथा कांग्रेस विधायक दल के नेता अलमगीर आलम भी टेंडर घोटाला मामले में जेल चले गये हैं, तो फिलहाल मंत्रिपरिषद में मंत्रियों की संख्या घट कर दस हो गयी है।

पूर्व राज्यपाल ने भी उठाया था सवालइससे पूर्व तत्कालीन राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू ने रघुवर मंत्रिमंडल में मंत्री का एक पद खाली रहने पर सवाल उठाया था। राज्यपाल ने 2016 में संसदीय कार्यमंत्री सरयू राय और कल्याण मंत्री लुइस मरांडी को राजभवन बुलाया था। दोनों मंत्रियों के साथ मुलाकात में उन्होंने सरकार का ध्यान इस तरफ दिलाया था।

राज्यपाल का मानना था कि संविधान के अनुच्छेद 164 के अनुसार राज्य में मंत्रियों की संख्या कम से कम 12 होनी चाहिए। राज्यपाल द्वारा उठाये गये बिंदु की जानकारी तात्कालिक संसदीय कार्यमंत्री सरयू राय ने मुख्यमंत्री रघुवर



दास को दी। इसके बाद मुख्यमंत्री सचिवालय ने इस मामले पर तकनीकी पक्षों से जानकारी हासिल की। राज्य सरकार का कहना था कि मंत्रियों की वर्तमान संख्या भारतीय संविधान के अनुच्छेद 164 के प्रावधान का उल्लंघन नहीं है।

## 54 साल के हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी नेताओं ने दी जन्मदिन की बधाई

**कांग्रेस नेता राहुल गांधी आज 54वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस मौके पर वो बहन प्रियंका गांधी के साथ पार्टी के दफ्तर पहुंचे। जहां पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उन पर पुष्प वर्षा की और जन्मदिन की बधाई दी। इस मौके पर कई नेताओं ने राहुल गांधी को सोशल मीडिया पर बधाई दी...**



**नई दिल्ली**

कांग्रेस नेता और पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी आज 19 जून को अपना 54वां जन्मदिन मना रहे हैं। उनके इस खास दिन पार्टी मुख्यालय के बाहर जगह- जगह पर राहुल गांधी को बधाई देते हुए पोस्टर और बैनर लगाए गए हैं। वहीं कांग्रेस के कई दिग्गज नेताओं ने सोशल मीडिया पर राहुल गांधी को जन्मदिन की बधाई दी है। इसके साथ ही कई जगहों पर मंदिरों में राहुल गांधी की दीर्घायु के लिए पूजा की जा रही है। आइए देखते हैं नेताओं ने क्या कहा ? कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने राहुल गांधी को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए एक्स पर लिखा- राहुल गांधी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई। भारत के संविधान के मूल्यों को प्रति आपकी अटूट प्रतिबद्धता और लाखों अनसुनी आवाजों के लिए आपकी करुणा, ऐसे गुण हैं जो आपको सबसे अलग बनाते हैं।मैं आपके सुखी जीवन की कामना करता हूं। दिल्ली कांग्रेस ने राहुल गांधी के इस खास को और भी खास बनाते हुए एक्स पर ट्वीट किया- मोहब्बत का पैगाम और न्याय का संदेश न्याय योद्धा राहुल के साथ है समस्त देश जिसने विशाल हिंदुस्तान के हर कोने को हिंदुस्तानियों के साथ मिलकर स्पर्श किया, जिसने गरीब, मजदूर, युवा, नारी, श्रमिक सभी के न्याय का संदेश दिया! जननायक श्री राहुल गांधी जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई। राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने भी एक्स पर पोस्ट किया कि कन्याकुमारी से कश्मीर और पूर्वोत्तर से महाराष्ट्र तक न्याय व सद्भावना की यात्रा के अथक पथिक, सत्यमेव जयते के सिद्धांत को लेकर हर अन्याय के विरुद्ध लड़ने वाले

## रातू पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी



**रातू**। थाना क्षेत्र के कमडे स्थित एक घर मे छापेमारी कर पुलिस ने भारी मात्रा में चोरी का मोबाइल के साथ 7 चोर को पकड़ने में सफलता पाई है। वही अंधेरे का लाभ उठाकर एक चोर भागने मे सफल रहा। सभी चोर साहेबगंज के तीन पहाड़ के रहने वाले है। इनके पास से पुलिस ने 79 मोबाइल जब्त किया है।सभी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## बम की झूठी धमकी देना पड़ेगा भारी

**नई दिल्ली**ः इन दिनों विमानों को बम से उड़ाने की धमकी भरे मैसेज काफी आ रहे हैं। जो बाद में महज एक अफवाह साबित होते हैं लेकिन इन फर्जी धमकियों की वजह से यात्रियों से लेकर एयरपोर्ट अधिकारी तक परेशान होते हैं। ऐसे में अब इन धमकियों को लेकर नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) ने बड़ा फैसला लिया है। बीसीएएस डीजी जुल्फिकार हसन ने मंगलवार को कहा कि ऐसी घटनाओं की बढ़ती संख्या ने एजेंसी को इस मामले में दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी और ऐसी झूठी धमकियां देने वाले को पांच साल के लिए नो फ्लाई सूची ( पांच सालों तक वो हवाई जहाज में सफर नहीं कर सकेगा) में डाल दिया जाएगा। नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) के डीजी जुल्फिकार हसन ने बताया कि मंगलवार को भी बड़ी संख्या में हवाई अड्डों पर विस्फोटक छिपाए जाने की धमकी भरे संदेश मिले। हालांकि जब उन सभी विमानों की जांच की गई तो वो सभी फर्जी निकले। झूठी अफवाह फैलाकर माहौल बिगाड़ने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए देशभर में अब तक 6 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।डीजी जुल्फिकार हसन ने बताया कि अन्य मामलों की भी जांच जारी है।

**सियासत** | **राजस्थान में कोटा लोकसभा क्षेत्र से ओम बिरला ने जीत दर्ज की है।**

## फिर से ओम बिरला ही होंगे लोकसभा के स्पीकर?

**नई दिल्ली**ः लोकसभा के स्पीकर पद को लेकर सहमति बनाने की जिम्मेदारी BJP के सीनियर नेता और केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को सौंपी गई है। मंगलवार को लोकसभा स्पीकर पद के उम्मीदवार को लेकर रक्षा मंत्री के घर पर BJP और सहयोगी दलों के नेताओं की महत्वपूर्ण मीटिंग हुई। उसमें स्पीकर पद को लेकर मंथन हुआ। 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू होगा। इस दौरान लोकसभा के नए सदस्य शपथ लेंगे और फिर 26 जून को लोकसभा के अध्यक्ष का चुनाव होगा। सूत्र बता रहे हैं कि BJP ने सहयोगियों से सुझाव भी मांगे हैं। यह भी कहा जा रहा है कि सहयोगियों ने फैसला BJP पर ही छोड़ दिया है। वही इस बारे में फैसला करेगी।

**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के घर पर हुई मीटिंग** रक्षा मंत्री के घर पर हुई मीटिंग में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, भूपेंद्र यादव, मनोहर लाल, धर्मेंद्र प्रधान, किरेन रिजिजू, एस. जयशंकर, वीरेंद्र कुमार और अन्नपूर्णा देवी शामिल हुए। JDU के राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के चिराग पासवान सहित NDA के घटक दलों के कुछ नेता भी इस बैठक में मौजूद थे।

**स्पीकर पद के लिए चल रही इन नामों की चर्चा** लोकसभा स्पीकर पद को लेकर अभी कई नामों पर चर्चा चल रही है। ओम बिरला को फिर से लोकसभा अध्यक्ष बनने की भी चर्चा है। राजस्थान में कोटा लोकसभा क्षेत्र से ओम बिरला ने जीत दर्ज की है। स्पीकर पद के लिए डी. पुरंदेश्वरी, राधा मोहन सिंह और भर्तृहरि महताब के नाम की भी




पर चर्चा चल रही है। बिहार से आने वाले BJP के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री राधा मोहन सिंह छठी बार सांसद चुने गए हैं। डी. पुरंदेश्वरी आंध्र प्रदेश में BJP की राज्य इकाई की प्रमुख हैं और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और अभिनेता रहे एनटी रामाराव (NTR) की बेटी हैं। वह TDP प्रमुख और सीएम चंद्रबाबू नायडू की रिश्तेदार भी हैं। ऐसे में अगर BJP उनके नाम का चुनाव करती है तो TDP को भी कोई आपत्ति नहीं होगी। पुरंदेश्वरी पहले कांग्रेस में थीं, लेकिन 2014 में वह BJP में शामिल हो गई थीं।

## मस्क के दावे पर आप भी करने लगे संदेह? ये बातें जान लेंगे तो पता चल जाएगी ईवीएम की सच्चाई

**नई दिल्ली**ः दुनिया की प्रतिष्ठित टेक कंपनी टेस्ला के संस्थापक एलन मस्क ने दावा किया कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) को हैक की जा सकती हैं। इस पर पूर्व केंद्रीय सूचना-प्रौद्योगिकी (आईटी) राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि मस्क का दावा अमेरिका सहित दूसरे देशों की ईवीएम के लिए तो सही हो सकता है, लेकिन भारत के लिए नहीं। वहीं, भारतीय चुनाव आयोग ने भी कहा कि ईवीएम इंटरनेट, ब्लूटुथ या किसी और कम्यूनिकेशन सोर्स से जुड़ा हुआ नहीं होता है, इसलिए उसे हैक नहीं किया जा सकता है। चुनाव आयोग ने कई मौकों पर ईवीएम पर उंगली उठाने वाले राजनीतिक दलों को चुनौती भी दी कि वो अपने आरोपों को साबित करें। लेकिन राजनीतिक दलों ने कभी चुनाव आयोग की चुनौती स्वीकार नहीं की। तो सवाल है कि आखिर विकसित देशों की ईवीएम हैक हो सकती हैं तो भारत की क्यों नहीं? दरअसल, भारत में इस्तेमाल होने वाली ईवीएम बनाने वाले इंजीनियर और एक्सपर्ट बताते हैं कि ये मशीनें बहुत ही जटिल होती हैं और इन्हें इस तरह से डिजाइन किया गया है कि इनके साथ कोई छेड़छाड़ न हो सके। हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में 60 करोड़ से ज्यादा लोगों ने एम3 मॉडल की ईवीएम पर वोट डाला था। इस मॉडल में सुरक्षा के लिहाज से कई नए फीचर जोड़े गए हैं, जो इसे और भी ज्यादा सुरक्षित बनाते हैं। आईआईटी, गांधीनगर के डायरेक्टर और ईवीएम डिजाइन करने वाली टेक्निकल पैनल के सदस्य रजत मुना कहते हैं कि ईवीएम एक साधारण कैलकुलेटर जैसी ही होती है।



## बन्ना गुप्ता से ANM/GNM संघ का एक प्रतिनिधि मंडल ने शिष्टाचार्य भेंट कर अपनी स्थाईकरण की



रांचीः सदर अस्पताल के परिसर में सिकल सेल एनिमिया जांच उदघाटन के दौरान स्वास्थ्य मंत्री झारखंड सरकार बन्ना गुप्ता से ANM/GNM संघ का एक प्रतिनिधि मंडल ने शिष्टाचार्य भेंट कर अपनी स्थाईकरण की मांग को रखा लेकिन स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता जी के तरफ से कोई सकारात्मक उत्तर नहीं दिया गया जबकि स्वास्थ्य विभाग में ANM के लगभग 3500 पद रिक्त है 2014 के बाद ANM की स्थाई नियुक्ति नहीं की गई है 17 वर्षों से NHM के अंतर्गत ANM अल्पमानदेय में कार्य करती आ रही है इसके पूर्व भी पत्राचार धरना हड़ताल के माध्यम से सरकार के समक्ष स्थाईकरण की मांग करती आ रहे हैं लेकिन अभी तक सरकार के साढ़े चार वर्ष बीत जाने के बाद भी कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया जिससे अल्प मानदेय भोगी ANM बहनों में काफी निराशा व्याप्त है क्योंकि सब की उम्र सीमा भी निकलती जा रही है इसके अलावा स्वास्थ्य मंत्री जी ने 25 फरवरी 2023 को यह आश्वासन दिए थे कि 6 माह के अंदर स्थाई नियुक्ति सभी की कर दी जाएगी इसके साथ ही अल्प मानदेय भोगीयो से 15% एरियर भुगतान करके वापस ले लिया गया इसकी भी मांग की गई।

# सरकार और विपक्ष, दोनों जनभावना से खिलवाड़ कर रहेः सरयू राय



रांची। भारतीय जनतंत्र मोर्चा के संरक्षक और जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने कहा है कि राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप हैं। इसके बावजूद विपक्ष भ्रष्टाचार को मुद्दा बनाने में विफल रहा है। जाहिर है, सरकार और विपक्ष, दोनों ही जनभावना के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। श्री राय बुधवार को यहां डोरंडा में भारतीय जनतंत्र मोर्चा की कोर कमेटी में अपनी बात रख रहे थे। श्री राय ने कहा कि सरकार ने अपना खजाना चुनाव आने पर खोला। अब बड़ा सवाल यह है कि सरकार अब पैसा कहाँ से लाएगी? बजट में तो है ही नहीं। उन्होंने कहा कि झारखंड का हर जिम्मेदार नागरिक जानता है कि इस सरकार पर भ्रष्टाचार के छींटे हैं। भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप हैं। इसके बावजूद अलग-अलग धड़ों में बंटा विपक्ष भ्रष्टाचार को मुद्दा बनाने में अब तक विफल रहा है। सिर्फ सरकार ही नहीं, विपक्ष भी झारखंड की जनता को ठग रहा है। लोगों की भावनाओं से खिलवाड़ किया जा रहा है। स्थानीय नीति, रोजगार और आरक्षण जैसे मुद्दे रह-रह कर उठाए जाते हैं। इन मुद्दों को उठाने का मकसद जनता को सिर्फ बेवकूफ बनाना होता है। यह सरकार इन मुद्दों पर जनता को बेवकूफ ही तो बना रही है। सरयू राय ने कहा कि शराब घोटाला आज का घोटाला नहीं है। यह 2015 से ही चल रहा है। 2015 से ही खनन घोटाला भी चल रहा है। कई मामलों में चार्जशीट में 2015 से अब तक का जिक्र है पर उस समय के लोगों को संवैधानिक पद दिया जा रहा है। भ्रष्टाचार की महिमा ऐसी कि देश की सबसे बड़ी पार्टी भी सीता- गीता पर भी भ्रष्टाचार का आरोप होने के बाद भी एक बड़े दल को उन्हें अपने साथ लेने में कोई परहेज नहीं। सरयू राय ने कहा कि भारतीय जनतंत्र मोर्चा के पदाधिकारी 15 जुलाई से 15 अगस्त तक प्रदेश के सभी नगरपालिका/विधानसभा क्षेत्रों का भ्रमण करेंगे और लोगों के फीडबैक के आधार पर प्रदेश स्तर का घोषणा पत्र तैयार करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि विधानसभा चुनाव स्थानीय मुद्दों पर केंद्रित होगा, लिहाजा हम लोग जिलावार घोषणा पत्र भी तैयार करेंगे ताकि सामान्य लोगों की समस्याओं को उचित स्थान मिल सके। उन्होंने कहा कि हम लोग राज्य की जनता को तीसरा विकल्प देंगे। भारतीय जनतंत्र मोर्चा कम से कम 30 सीटों पर चुनाव लड़ेगा। मोर्चा सभी व्यक्तियों-सहमत पार्टियों के साथ मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ेगा। मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि रॉची लोकसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के अलावा नौ केंद्रीय मंत्री तथा कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों को चुनाव प्रचार करना पड़ा। इससे आप अंदाजा लगाएं कि रांची लोकसभा क्षेत्र में चुनाव कैसे हुए थे। उन्होंने कहा कि मुझे कुछ राजनीतिक दलालों ने भाजपा में शामिल होकर विधानसभा चुनाव लड़ने का प्रस्ताव भी दिया था। मैंने उन पर ध्यान नहीं दिया। आज की तारीख में हमारे कार्यकर्ताओं में विधानसभा चुनाव के लिए जोश-खरोश तो है ही, दम और खम भी है। झारखंड की जनता भारतीय जनतंत्र मोर्चा और सरयू राय जी को आशा भरी निगाहों से देख रही है। उन्होंने कहा कि अब राजनीति का चेहरा विद्रूप हो चला है। आज इंसान नहीं, हिन्दू और मुसलमान पैदा हो रहे हैं। यह हिंदू और मुसलमान का चक्कर विद्रूप राजनीति की ही परिणति है। मोर्चा के उपाध्यक्ष पी एन सिंह ने कहा कि हर बार का चुनाव कुछ नया सिखा कर जाता है। धर्मेन्द्र तिवारी जब लोकसभा का चुनाव रांची से लड़ रहे थे तब मैंने बहुत करीब से दो प्रचलित धाराओं के बीच तीसरा धारा को उभरते देखा था। यह तीसरी धारा भारतीय जनतंत्र मोर्चा है। मोर्चा के केंद्रीय महासचिव आशीष शीतल मुंडा ने सुझाव दिया कि हर विधानसभा में पांच-पांच बेदाग उम्मीदवारों की सूची तैयार करनी चाहिए। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि सभी जिलों में जिला सम्मेलन आयोजित कर संगठन का विस्तार करना उचित होगा। डोरंडा में संपन्न कोर कमेटी की बैठक में केंद्रीय उपाध्यक्ष पी एन सिंह, मुकेश पांडे, केंद्रीय महासचिव आशीष शीतल मुंडा, संजीव आचार्य, केंद्रीय सचिव सोमेन दत्ता, मनोज सिंह के साथ सभी जिला अध्यक्ष मौजूद थे। स्वागत भाषण रांची के जिलाध्यक्ष अशोक ठाकुर तथा धन्यवाद ज्ञापन व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सुशील कुमार ने किया।



रांची। झारखंड के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से आज झारखंड मंत्रालय में मेजर जेनरल परमवीर सिंह डागर (विशिष्ट सेवा मेडल प्राप्त), जीओसी, 23 इन्फेंट्री डिवीज़न, दीपाटोली, रांची ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस मौके पर मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार और लेफ्टिनेंट कर्नल अनुज शर्मा मौजूद थे।

## बहावलपुरी पंजाबी समाज ने योगा कैंप लगाया



रांचीः बहावलपुरी पंजाबी समाज एवं बहावलपुरी पंजाबी समाज महिला समिति द्वारा विश्व योग दिवस को लेकर चार दिवसीय योगा कैंप का आयोजन किया गया है. इस आयोजन की शुरुआत 18 जून से हुई, जो अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के दिन 21 जून तक चलेगा. कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित गुरु नानक भवन में चल रहे इस योगा कैंप में 18 एवं 19 जून को शहर की प्रख्यात योग प्रशिक्षिका नीतू अरोड़ा ने उपस्थित लोगों को योगाभ्यास कराया. संस्था के सचिव अश्विनी सुखीजा ने बताया कि 20 एवं 21 जून को शहर की एक और प्रख्यात योग प्रशिक्षिका चांद नागपाल द्वारा योग का प्रशिक्षण दिया जाएगा. आज संस्था के संरक्षक डॉक्टर सतीश मिढ़ा द्वारा नीतू अरोड़ा को उनके इस निःस्वार्थ सहयोग के लिए पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया. पिछले दो दिनों से चल रहे योगा कैंप में ललित किंगर, कवलजीत मिढ़ा, अंचल किंगर, मोहन खीरबाट, सुरजीत मुंजाल, जितेंद्र मुंजाल, कमलेश मिढ़ा,ज्योति मिढ़ा, पिंकी तलेजा,शीला अरोड़ा,ज्योति मुंजाल, लीना मनुजा, रेखा मुंजाल, इंदु पपनेजा, किरण गेरा, पुष्पा पपनेजा, किरण अरोड़ा,नीलू मनुजा, सोनिया गिरधर एवं रश्मि अरोड़ा नियमित रूप से हिस्सा ले रहे हैं. यह जानकारी मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने दी.

## झारखंड चैंबर ने एचडीएफसी बैंक की कंट्री हेड स्मिता भगत को किया सम्मानित




*रांचीः फेडरेशन ऑफ़ झारखण्ड चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के तत्वावधान में एचडीएफसी बैंक की कंट्री हेड स्मिता भगत का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मंच का संचालन उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने किया। इस अवसर पर चैम्बर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि सरकार और संस्थागत व्यवसाय, ई-कॉमर्स और स्टार्टअप के देश प्रमुख के रूप में स्मिता भगत जी एचडीएफसी बैंक के विश्व स्तरीय उत्पादों और सेवाओं को सरकारी निकायों और शैक्षिक से लेकर स्वास्थ्य सेवा, धार्मिक तक के बड़े संगठनों तक ले जाने के दायित्व लिए हैं। इसमें पंचायतों, नगर पालिकाओं, राज्य और केंद्र सरकार और स्वायत्त निकायों में डिजिटल भुगतान जैसे समाधान लागू करने के लिए जहां भी आवश्यक हो, अनुकूलित सेवाएँ बनाना शामिल है। मजबूत नेटवर्क बनाने की स्मिता जी की रूचि उन्हें व्यवसाय के विकास में महत्वपूर्ण योगदानकर्ता बनाती है, अध्यक्ष ने कहा कि चैम्बर एचडीएफसी बैंक के साथ हर कदम पर साथ खड़ा है। छह जुलाई को होने वाले स्टार्टअप कार्यक्रम में भाग लेने हेतु उन्होंने एचडीएफसी बैंक को आमंत्रण दिया। एचडीएफसी बैंक कंट्री हेड स्मिता भगत ने कहा कि यह उनके लिए बहुत बड़ा पल है एवं इसके लिए उन्होंने चैम्बर के साथ साथ झारखण्ड की जनता का भी आभार जताया। स्मिता भगत ने यह भी कहा कि वह झारखण्ड की जनता के लिए काम करने को काफी उत्सुक हैं, उन्होंने यह जानकारी भी दी की अबतक एचडीएफसी बैंक की पूरे झारखण्ड में 93 ब्रांच है जल्द ही यह आंकड़ा सौ के पार चला जायेगा। काफी लोगों ने ओपन सेशन में सवाल जवाब किया इसके अच्छे परिणाम बहुत जल्द देखने को मिलेंगे। उन्होंने जल्द ही ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी ब्रांच खोलने की बात भी कही। एग्रीकल्चर में जितनी भी भारत सरकार की स्कीम हैं के कार्य को गति प्रदान करने के लिए एचडीएफसी बैंक को एक ज्ञापन भी सौंपा गया। धन्यवाद ज्ञापन देते हुए महासचिव परेश गट्टानी ने स्मिता भगत एवं उनके साथ आये मुख्य अतिथियों का पूरे चैम्बर की ओर से आभार व्यक्त किया साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि स्मिता जी ने कई अर्ध शहरी और ग्रामीण स्थानों पर बैंक की उपस्थिति को और बढाने के लिए एक और ऐतिहासिक पहल की भी शुरुआत की है।*

*बैठक में चैम्बर के अध्यक्ष किशोर मंत्री, उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, महासचिव परेश गट्टानी, सह सचिव शैलेश अग्रवाल, एचडीएफसी बैंक की कंट्री हेड श्रीमती स्मिता भगत, एचडीएफसी बैंक के ब्रांच बैंकिंग हेड संदीप एस कुमार, एचडीएफसी बैंक जोनल हेड, झारखण्ड कुमार अभिषेक, कार्यकारिणी सदस्य डॉ. अभिषेक रामाधीन, रोहित पोद्दार, साहित्य पवन, पूर्व अध्यक्ष मनोज नरेडी, अरुण बुधिया, पूर्व उपाध्यक्ष दीनदयाल बरनवाल, आनंद कोठारी, मनोज कुमार मिश्रा, आनंद जालान, किशन अग्रवाल, माला कुजूर, अंकिता वर्मा, अमित अग्रवाल, विकाश रंजन सहाय, रमेश कुमार साहू, अनिश सिंह, जसविंदर सिंह, संतोष अग्रवाल, विकास सिन्हा, शशांक भरद्वाज, महेंदर जैन, विनय छापरिया, धीरज ग्रोवर डॉ. एस.सी जैनसहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।*

## प्रारंभिक प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा को रद्द कर पुनः परीक्षा का आयोजन करवाए जेएसएससीः युवा आजसू



*रांची। आज दिन बुधवार को युवा आजसू का प्रतिनिधिमंडल युवा आजसू के अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व मे (जेएसएससी) द्वारा कराई जा रही प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री सचिवालय में मुख्यमंत्री के नाम से मांग पत्र सोपा। मांग पत्र के माध्यम से युवा आजसू के अभिषेक शुक्ला ने कहा कहा कि अभी कुछ दिनों पहले ही जेएसएससी द्वारा करवाई जा रही प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा में जनजातीय भाषा पेपर 2 में पंचपरगनियां, हो, कुरमाली विषय की परीक्षा मै 50% से ज्यादा प्रश्न पाठ्यक्रम के बाहर से पूछे गए हैं जिसे लेकर छात्र छात्राएं काफी परेशान हताश एवं निराश हैं उन छात्र-छात्राओं का कहना है इस परीक्षा का नोटिफिकेशन जारी होते के साथ ही पाठ्यक्रम भी जारी कर दिया गया था फिर भी पाठ्यक्रम के बाहर से प्रश्न पूछा जाना छात्र-छात्राओं एवं उनके भविष्य से खिलवाड़ करने जैसा है। अभिषेक शुक्ला ने आगे कहा जेएसएससी द्वारा कराई जा रही प्रारंभिक प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा को रद्द कर पुनः पाठ्यक्रम के अनुसार परीक्षा करवाया जाए वही आगे होने वाली परीक्षाओं में इसका ध्यान रखा जाए की जो भी प्रश्न पूछे जाएं वह पाठ्यक्रम के अनुसार हो अन्यथा युवा आजसू आंदोलन के लिए बाध्य होगी।*

## कांग्रेस भवन में केक काट कर मना राहुल गांधी का जन्मदिन



रांचीः अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सह सांसद राहुल गांधी का जन्मदिन कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस भवन में केक काटकर मनाया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने उनके स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए उन्हें देश का मजबूत भविष्य बताया। राहुल गांधी देश की आम जनता की आवाज बन चुके हैं,उन्होंने भारत की समस्याओं को समझने के लिए भारत की यात्रा की तब जाकर जनता के मजबूत भविष्य के निर्माण के लिए सर्वकालिक खाकर तैयार किया। राहुल गांधी ने देश की जिन बुनियादी समस्याओं के लिए संघर्ष किया उसे जनता को समझाने में सफल रहे।उन्होंने ना सिर्फ दलित, आदिवासी,किसान,महिला,छात्र, युवा सामान्य वर्ग के लिए आवाज उठाया बल्कि युवा उद्यमी और स्वरोजगार करने वालों की भूमिका देश के सर्वांगीण विकास में कैसे हो सकता है यह भी जनता के सामने रखा।वक्ताओं ने कहा कि देश के बुनियादी ढांचा को बचाए रखना और सामाजिक समरसता को बचाए रखने के लिए राहुल गांधी जैसै सशक्त नेतृत्व की आवश्यकता है।

प्रमुख रूप से संगठन महासचिव अमूल्य नीरज खलको मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, सोनाल शांति, निरंजन पासवान, जगदीश साहू ऋषिकेश सिंह, फिरोज रिजवी मुन्ना,अख्तर अली,नेली नाथन,अजय सिंह सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## प्रखंड मुख्यालय सभागार में सभी विभाग के पदाधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक : विधायक शिल्पी नेहा तिर्की



*रांची। चान्हो प्रखंड के सभागार कार्यालय में सभी विभागों के पदाधिकारियों से बैठक कर उनके विभागों की रिपोर्ट कार्ड मांगी और प्रखंड में चल रहे योजनाओं पर विस्तृत जानकारी ली गई। पेयजल विभाग योजना अंतर्गत चल रही जल-नल योजना के कामो मे धीमी गति से चलने का कारण जानने का प्रयास किया, साथ ही ये कामो मे ठीकेदार द्वारा अनियमित बरती जाती है तो ठीकेदारो पर करवाई की जाये। पेयजल विभाग के जेई से प्रखंड के पंचायत पंचायत मे कराये जा रहे दस दस बोरिंग की जानकारी ली, और कहा सभी जगह काम पुरा होने मे कितना समय लगेगा। प्रखंड में बिजली की समस्या गम्भीर है कई जगह ट्रांसफर्मर खराब होने की बजह से गांव गांव मे लाइट गुल है समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की प्रभारी भी मौजूद थी, जिनसे स्वास्थ्य केंद्र की स्वस्थ की जानकारी लिया साथ ही कितने मरीज अस्पताल मे है और कितने दवा अस्पताल मे उपलब्ध है और कितना नही। विधायक को दूसरे प्रखंड के समुदायिक केंद्र से जानकारी मिला था कि डॉक्टर, स्टॉफ और नर्स मरीजों को उनके हालत मे छोड़कर अपने कामो मे चले जाते है। बैठक में BDO, CO, अन्य विभाग पदाधिकारी, पार्टी प्रखंड अध्यक्ष मो इस्तेयाक मुखिया शिव उरांव , मो मोजीबुल्लाह अजित सिंह, इरशाद खान शिव उरांव, दिलीप सिंह, सुजीत शाही,एहसान .हफिजुल अंसारी दिनेश राम त्रिभुवन साहू सीटू उरांव जुलफिक्कार अली जावेद अहमद अब्दुलाह अंसारी महादेव उरांव सीटू उरांव,यासमीन खातून प्रियंका उरांव एवं अन्य उपस्थित रहे।*

## लोक शिकायत प्रबंधन प्रणाली से हो रहा जन शिकायतों का त्वरित समाधान




- टॉल फ्री नंम्बर- 1800-120-2929, वॉट्सअप/एसएमएस - 7633928444, वेबसाईट- pgms.dmajharkhand.in, ईमेल- info@dmajharkhand.in के माध्यम से दर्ज करा सकते हैं शिकायत
- झारखण्ड सरकार की इस व्यवस्था से आम लोग हो रहे हैं लाभान्वित
- लोक शिकायत प्रबंधन प्रणाली (पीजीएमएस) की सफलता दर 98 प्रतिशत

रांची। नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा राज्य के सभी नगर निकायों (नगर निगम, नगर परिषद, नगर पंचायत) में नगर विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं, कार्यक्रमों तथा नागरिक सुविधाओं से सम्बंधित समस्याओं के त्वरित निष्पादन हेतु लोक शिकायत प्रबंधन प्रणाली (पी०जी०एम०एस०) संचालित है। लोक शिकायत प्रबंधन प्रणाली का संचालन नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा कॉल सेंटर के माध्यम से किया जा रहा है। यह जन कल्याणकारी योजना राज्य के 49 नगर निकायों के साथ ही राज्य के क्षेत्रीय विकास प्राधिकारों में भी संचालित है। नगर निकायों के अंतर्गत रहने वाले नागरिक सड़क, नाली निर्माण एवं साफ-सफाई जलापूर्ति, फॉगिंग, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, मुख्यमंत्री श्रमिक योजना, फुटपाथ विक्रेताओं से संबंधित, होल्डिंग से संबंधित, अवैध निर्माण व नक्शा, अतिक्रमण, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, स्ट्रीट लाईट लगाने एवं उसकी मरम्मत आदि से संबंधित समस्या एवं सुझाव दर्ज करा सकते हैं। विदित हो कि नगर विकास एवं आवास विभाग अंतर्गत लोक शिकायत प्रबंधन प्रणाली (पब्लिक ग्रिवान्स मैनेजमेंट सिस्टम) दिसम्बर 2016 से संचालित है। योजना प्रारंभ होने से लेकर अब तक पीजीएमएस पोर्टल के माध्यम से कुल 83,169 शिकायतें दर्ज की गईं, जिसमें से 82,050 शिकायतों का निष्पादन किया जा चुका है।

## द हंस फाउंडेशन ने झारखंड में मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता विषय पर किया एमओयू



रांचीः द हंस फाउंडेशन ने मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता विषय पर रांची के जिला अस्पताल के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में तीन प्रमुख एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। यह महत्वपूर्ण समझौते पूरे भारत में मासिक धर्म से जुड़े स्वास्थ्य और स्वच्छता मुद्दों पर जागरूकता फैलाने के द हंस फाउंडेशन के निरंतर प्रयासों को एक नई गति देंगे। एमओयू पर तीन प्रमुख साझेदारों मेनस्ट्रूपीडिया, एमवीएम न्यूट्रिशनल प्रोडक्ट्स और जिला स्वास्थ्य समिति, रांची ने हस्ताक्षर किए। इस साझेदारी का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं को मजबूत करना, मासिक धर्म संबंधी शिक्षा को बढ़ाना, और संपूर्ण आहार सप्लीमेंट्स उपलब्ध कराना है। जिला स्वास्थ्य समिति, रांची और द हंस फाउंडेशन के बीच हुए समझौते का उद्देश्य रातू ब्लॉक के ऊषा मातू में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सेवाओं में बदलाव लाना है। अगले पांच सालों में, वे आसानी से सुलभ उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने के लिए सुविधाओं को अपग्रेड करेंगे, कर्मचारियों की संख्या बढ़ाएंगे और चिकित्सा संसाधनों को उपलब्ध कराएंगे। जिला स्वास्थ्य समिति पंजीकरण और परिचालन कार्य संभालेगी, जबकि हंस फाउंडेशन के ऊपर भर्ती और दैनिक गतिविधियों को संभालने की जिम्मेदारी होगी। इसके अतिरिक्त, द हंस फाउंडेशन ने युवा लड़कियों और महिलाओं के लिए मासिक धर्म स्वास्थ्य पर शैक्षिक सामग्री तैयार करने के लिए मेनस्ट्रुपीडिया के साथ साझेदारी की है, जिसमें मिनी मेनस्ट्रुपीडिया कॉमिक बुक्स शामिल हैं।

## केंद्र सरकार सभी क्षेत्रों में विफलः राजद



*रांचीः झारखंड प्रदेश युवा राष्ट्रीय जनता दल अध्यक्ष रंजन कुमार ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा सरकार मतलब पेपर लीक की गारंटी है। श्री रंजन ने आगे कहा कि एनटीए द्वारा आयोजित नीट यूजी परीक्षा पेपर लीक का तार गुजरात से जुड़ना गुजरात मॉडल का ही एक नमूना है। जहां एजेंटों के द्वारा शॉटकट में सफलता दिलाने के नाम पर छात्रों के अभिभावकों से करोड़ों रुपए का वसूली किया और एजेंटों के कहने पर देश के विभिन्न राज्यों के परीक्षार्थियों ने अपना नजदीकी होम सेंटर के विकल्प को छोड़कर गोधरा के सेंटर का विकल्प को चूना। आगे श्री रंजन ने कहा पटना में भी नीट परीक्षा का पेपर लीक कराकर युवाओं के भविष्य को अधर में डाला गया। उन्होंने आगे कहा कि अमीर घरों के बच्चों से लाखों रुपए लेकर शॉटकट में टॉप कराकर गरीब,मध्यम वर्गों परिवार से आने वाले बच्चों के साथ धोखा किया जा रहा है जो सालभर दिन रात मेहनत कर के परीक्षा की तैयारी करते हैं।*

## एचईसी कर्मियों का वेतन नहीं मिलने पर बनी रणनीति



*रांचीः एचईसी ऑफ़िसर्स एसोसिएशन के तत्वावधान में जेएन क्लब, धुर्वा में अधिकारियों का मीटिंग हुआ जिसमें भेल के गिरोह द्वारा पैसा होने के बावजूद भी कर्मचारियों के वेतन का भुगतान नहीं होने पर एवं आगे की रणनीति पर चर्चा हुई। ज्ञात हो कि फाइनेंसियल ईयर 2024-25 में अभी तक लगभग 70 करोड़ रुपये का कलेक्शन एचईसी को प्राप्त हुआ इसके बावजूद यहां एचईसी मैनेजमेंट में मौजूद भेल के गिरोह ने वेतन भुगतान ना करके वेंडर पेमेंट कर दिया हैं। इस संबंध में एचईसी ऑफ़िसर्स एसोसिएशन द्वारा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि भारी उद्योग मंत्रालय एवं केंद्रीय सतर्कता आयोग में शिकायत किया जाएगा। बैठक में एचईसी ऑफ़िसर्स एसोसिएशन के पदाधिकारीगण- प्रेम शंकर पासवान, केएम टुडू, रोशन कुमार, सुभाष चंद्रा, शशि भूषण, अमित कुमार मिश्रा व सारे प्लांट हेड और अधिकारीगण मौजूद रहे।*

# जागरूकता और जानकारी से ही सिकल सेल पर लगेगा लगामः स्वास्थ्य मंत्री





रांचीः स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा है कि सिकल सेल एक अनुवांशिक बीमारी है, जो एक पीढ़ी से दूसरे पीढ़ी में पहुंचती है, इस बीमारी का ठोस इलाज अभी तक ढूंढा नहीं जा सका है लेकिन जानकारी और जागरूकता से इस बीमारी की रोकथाम संभव है, इसलिए जरूरी है कि इस बीमारी से बचाव की जानकारी राज्य की जनता तक पहुंचे। बुधवार को विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर रांची सदर अस्पताल परिसर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के उद्घाटन समरोह को वह बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अब तक दस लाख सतासी हजार सात सौ पचास लोगों की स्कीनिंग की गई है, जिसमें 1890 लोगों में सिकल सेल की पुष्टि हुई है। हमारे पास एक ही एचएलसी मशीन है, जिससे सिकल सेल की कंफर्मेटरी टेस्ट होता है। जल्द ही राज्य के सभी 24 जिलों के सदर अस्पताल में इस मशीन की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि मैंने कोविड के समय स्वास्थ्य विभाग को यह निर्देश दिया था कि ट्रू नेट मशीन से जांच के सयय ही मरीजों की टीबी की भी जांच कर ली जाए। जिससे एक ही समय में हम दो बीमारी का पता कर पाएंगे। सिकल सेल को समाप्त करने के लिए भी चिकित्सकों को ऐसी ही रणीनीति के साथ मानव कल्याण के उद्देश्य से काम करना होगा।

गांव स्तर पर बीमारी की जांच की व्यवस्था होः सीपी सिंह

रांची विधायक सीपी सिंह ने कहा कि गांव स्तर पर बीमारी की जांच की व्यवस्था हो तब इस बीमारी की रोकथाम में और तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि जानकारी से बहुत सी बीमारियों और महामारी को समय से पहले ही रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा सेवा का क्षेत्र है, चिकित्सकों को यह बात हमेशा याद रखना चाहिए।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अभियान निदेशक आलोक त्रिवेदी ने कहा कि भारत में जहां सिकल सेल एनीमिया की बीमारी ज्यादा अनुमानित है, वहां हमारी जिम्मेदारी और ज्यादा बढ़ जाती है। इस कार्यक्रम के तहत शून्य से चालीस वर्ष तक के सभी लोगों की स्क्रीनिंग कराया जाना है। जल्द से जल्द इस बीमारी की पहचान ही इसके आगे के प्रसार को रोकने में मददगार है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार से इस वर्ष राज्य के 40 लाख लोगों के स्क्रीनिंग का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें इस वित्तीय वर्ष के तीन महीनों के अंदर 25 प्रतिशत से अधिक का लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि झारखंड आदिवासी बाहुल्य राज्य है और इसमें प्रारंभिक तौर पर सिकल सेल के केस जनजातीय समुदाय के बीच ज्यादा पाए गए हैं, ऐसे में हमारा उत्तरदायित्व और भी ज्यादा बढ़ जाता है, ताकि लक्ष्य से भी ज्यादा लोगों की स्क्रीनिंग कर इस बीमारी से ग्रसित लोगों की पहचान कर सकें। कार्यक्रम में निदेशक प्रमुख डॉ सीके साही, रक्त कोषांग प्रभारी डॉ जॉन एफ केनेडी, राज्य आईईसी कोषांग प्रभारी डॉ लाल मांझी, डॉ कमलेश, डॉ उमा सिन्हा, सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार, राज्य कार्यक्रम प्रबंधक अनिमा किस्कू, राज्य मानव संसाधन परामर्शी अवनी प्रसाद सहित स्वास्थ्य विभाग के तमाम कर्मचारी और अधिकारी मौजूद थे।

## IAS केके पाठक ने चैंबर से नेम प्लेट हटवायाःराजस्व एवं भूमि सुधार विभाग में ज्वाइन नहीं करने की चर्चा



**पटना**। आईएएस केके पाठक एक बार फिर चर्चा में हैं। उन्होंने राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से अपना नेम प्लेट हटवा दिया है। उनके आदेश पर विभाग के कर्मियों ने चैंबर के बाहर लगे नेम प्लेट का हटा दिया है। जिसके बाद चर्चा तेज हो गई है कि केके पाठक राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ज्वाइन नहीं करेंगे। हालांकि अभी वो छुट्टी पर चल रह हैं। उनके आने के बाद ही मामला क्लियर हो पाएगा। 13 जून को बिहार सरकार ने छुट्टी पर गए शिक्षा विभाग के ACS केके पाठक का तबादला कर दिया था। केके पाठक को राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग में अपर मुख्य सचिव की जिम्मेदारी दी गई थी। हालांकि, केके पाठक अगले आदेश तक बिपार्ड के महानिदेशक के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। बता दें कि केके पाठक 2 जून से 30 जून तक छुट्टी पर हैं। इसके बाद शिक्षा विभाग के ACS का प्रभार मुख्यमंत्री सचिवालय के प्रधान सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ को दिया गया था। 13 जून को सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, डॉ. एस सिद्धार्थ अगले आदेश तक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के अतिरिक्त प्रभार मे रहेंगे।

# सरकारी स्कूल के प्रिंसिपल को ऑफिस में घुसकर मारी गोली..

**नालंदा**

नालंदा में सरकारी हाई स्कूल के प्रिंसिपल को ऑफिस में घुसकर बदमाश ने गोली मारी दी। इससे प्रभारी प्रिंसिपल घायल हो गए। घटना के बाद आनन-फानन में प्रिंसिपल को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना एकंगरसराय प्रखंड के तेल्हाड़ा हाई स्कूल की है। प्रभारी प्रिंसिपल का नाम संतोष कुमार है। घटना का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। इसमें दिख रहा है कि एक बदमाश ऑफिस के गेट से कुछ कह रहा है। लेकिन, प्रिंसिपल अपनी कुर्सी पर बैठे रहते है। कुछ देर बाद बदमाश हाथ में पिस्टल लिए अंदर घुसता है और फायरिंग करता है। पहली फायरिंग मिस करता है। फिर दूसरी बार पांव पर निशाना साधते हुए फायरिंग की।

बदमाश एक के बाद एक फायरिंग की और आराम से फरार हो गया। प्रिंसिपल के बाया पांव झुलस गया। इसके बाद घायल प्रिंसिपल को एकंगरसराय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। यहां उनका इलाज चल रहा है। प्रिंसिपल ने बताया कि बदमाश पहले बाहर बुला रहा था। जब बाहर नहीं निकले तो कार्यालय में घुसकर गोली मार दी। उन्होंने कहा कि दो दिन पहले भी स्कूल परिसर के बाहर छात्रों के साथ मारपीट की थी। लेकिन, पुलिस ने पूछताछ करने के बाद छोड़ दिया था।

**पुलिस ने दो संदिग्ध को हिरासत में लिया** हिलसा DSP-2 गोपाल कृष्ण ने बताया कि दो संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस मामले में 4 लोगों की भूमिका सामने आई है। प्रभारी प्रिंसिपल को गोली का छींटा लगा है। गोली क्यों मारी गई, इसका कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पूछताछ के बाद मामला स्पष्ट हो जाएगा। फिलहाल पुलिस कार्रवाई में जुटी है।




# बिहार में फूटने लगा हार का ठीकरा एक-दूसरे के सिर! जानिए, भीतरघातियों ने किसकी-किसकी डुबोई लुटिया



**बिहार लोकसभा चुनाव रिजल्ट कुछ पार्टियों के लिए चौंकाने वाला रहा। एनडीए की 9 सीटें कम हो गई तो कांग्रेस की दो सीटें बढ़ गई। आरजेडी को सबसे ज्यादा वोट मिलने के बावजूद मात्र चार सीटों से संतोष करना पड़ा। वहीं, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के उपेंद्र कुशवाहा और कांग्रेस के अजीत शर्मा ग्राउंड पर ठीक से मैनेज नहीं कर पाए।**

**पटनाः** लोकसभा चुनाव 2024 का रिजल्ट आन के बाद सरकार भी बन गई। मगर, इस चुनाव में हार का मलाल लिए प्रत्याशियों की पीड़ा निकलनी शुरू हो गई है। क्या सत्ता और क्या विपक्षी दल, हार का ठीकरा एक-दूसरे के ऊपर सभी फोड़ने में लगे हैं। दरअसल, चुनाव के बाद हार जीत की समीक्षा एक आम प्रक्रिया है। ये इसलिए भी कि चुनाव में पार्टी के प्रदर्शन का प्लस और माइनस बातें आ सके। बिहार के कुछ दल हैं, जो हार जीत का समीक्षा बैठक कर चुके हैं और कुछ करने वाले हैं। इस खास घड़ी में कुछ प्रत्याशियों ने हार के कारणों को सार्वजनिक भी किया। **भाजपा ने हरायाः जेडीयू कैंडिडेट मुजाहिद** किशनगंज के जदयू प्रत्याशी मुजाहिद आलम चुनाव में स्थानीय भाजपा के पदाधिकारियों पर भीतरघात का आरोप लगाया। उनका कहना है कि भाजपा नेताओं ने मिल कर मुझे हरा दिया। 29 तारीख को दिल्ली में होने वाली जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में ये गुब्बार फूटेगा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने 400 पार का नारा दिया था लेकिन किशनगंज में मेरे खिलाफ स्थानीय भाजपा काम कर रही थी। इसमें केंद्र के एक बड़े भाजपा नेता का हाथ है। कभी वे विधायक भी थे, उनकी पत्नी विधानसभा चुनाव हारती रही हैं। भाजपाइयों को खतरा था कि यहां से जीत जाते तो जनता दल यूनाइटेड का लीडरशिप स्थापित हो जाएगा। इसलिए मुझे हराया गया। इन लोगों ने ऐसा माहौल बनाया कि रातोंरात वोटों का ध्रुवीकरण हो गया और मैं हार गया। **सभी जानते हैं, मैं क्यों हाराः उपेंद्र कुशवाहा** एकमात्र काराकाट लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा जब चुनाव हार गए, तब उनके साथ हुई भीतरघात की चर्चा हुई। इस चर्चा में पवन सिंह का नाम सामने आया। हालांकि, उपेंद्र कुशवाहा ने सीधे तौर पर किसी पर भी आरोप नहीं मढ़ा। मगर, उन्होंने ये जरूर कहा कि सोशल मीडिया का जमाना है, लिहाजा सभी को सब कुछ पता है। वो (पवन सिंह) कोई फैक्टर थे या नहीं। वो खुद चुनाव लड़े या उनको लड़ाया गया, ये सब बताने की अब क्या जरूरत है क्योंकि सच्चाई हर किसी को पता है। इसलिए अब कुछ कहने की जरूरत नहीं है।

# सुनीता किडनी कांड में डॉक्टर को 7 साल की सजाःमुजफ्फरपुर में गर्भाशय ऑपरेशन के नाम पर निकाली थी दोनों किडनी

**मुजफ्फरपुर**

मुजफ्फरपुर में सुनीता किडनी कांड मामले में कोर्ट ने बुधवार को दोषी डॉक्टर पवन कुमार को 7 साल की सजा सुनाई है। साथ ही 18 हजार रुपए जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना की राशि जमा नहीं करने पर 4 महीने अतिरिक्त सजा होगी। 2022 में मुजफ्फरपुर स्थित सकरा थाना क्षेत्र निवासी सुनीता देवी (35) की ऑपरेशन के दौरान दोनों किडनी निकाल ली गई थी। वहीं, मुख्य आरोपी डॉक्टर आरके सिंह फरार है। पुलिस कोर्ट के ऑर्डर पर उसके घर की कुर्की जब्ती की प्रक्रिया पूरी कर चुकी है। इधर, एसकेएमसीएच में भर्ती सुनीता की तबीयत में कोई सुधार नहीं है। हेल्थ पहले से खराब हो गया है।

**पेट में दर्द होने पर क्लिनिक पहुंची थी सुनीता** घटना की शुरुआत 11 जुलाई 2022 को हुई। जहां सकरा थाना क्षेत्र के बाजी राउत गांव की सुनीता देवी को पेट में दर्द हुआ था। इलाज के लिए उसे डॉक्टर पवन कुमार के क्लिनिक लाया गया। डॉक्टर ने उसे गर्भाशय निकलने के लिए ऑपरेशन की सलाह दी। बरियारपुर स्थित शुभकांत क्लिनिक में 3 सितंबर 2022 सुनीता के गर्भाशय का ऑपरेशन किया गया था, जो झोलाछाप डॉक्टर पवन कुमार का था। 5 सितंबर को सुनीता की तबीयत खराब होने पर उसे श्रीकृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल लाया गया। सात सितंबर 2022 को जांच के बाद पता चला कि उसकी दोनों किडनी निकाल ली गई है।



**ऑपरेशन के लिए बाहर से डॉक्टर को बुलाया गया था** उस समय सुनीता के भाई अरुण ने बताया था कि उसकी बहन के पेट में तेज दर्द था। इसलिए उसे लेकर नर्सिंग होम में गए। वहां जांच करने के बाद यूट्रस निकालने की बात कही गई। इसके लिए हम सभी लोग तैयार हो गए। नर्सिंग होम के संचालक ने ऑपरेशन करने के लिए बाहर से बड़े डॉक्टर को बुलाने की बात कही।

3 सितंबर को डॉक्टर आए और सुनीता का ऑपरेशन हुआ। लेकिन, इसके बाद उसकी हालत और बिगड़ने लग गई। तब नर्सिंग होम के डॉक्टरों ने उसे पटना ले जाने को कहा। जांच में पता लगा कि किडनी निकाल ली गई है। **ऑपरेशन के लिए गए तो किडनी ही निकाल लीः सुनीता** पीड़ित महिला सुनीता ने बताया कि डॉक्टर ने कहा था, पेट में गोला है, निकालना पड़ेगा। ऑपरेशन के लिए गए तो किडनी ही निकाल दी। उन्होंने इस ऑपरेशन के लिए 30 हजार रुपए भी लिए थे।

बरियारपुर थाने में शिकायत हुई थी सुनीता के परिजनों ने निजी नर्सिंग होम के संचालक पवन कुमार और ऑपरेशन करने वाले डॉक्टरों पर किडनी निकालने का आरोप लगाया था। इस मामले में मामले को लेकर बरियारपुर थाने में शिकायत के बाद नर्सिंग होम संचालक के खिलाफ ह्यूमन पार्ट्स ट्रांसप्लांट एक्ट और एससी-एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था।

# नशा मुक्ति को लेकर उपायुक्त ने दिलाई शपथःशिक्षण संस्थानों से 100 मीटर के दायरे में नहीं बेचे जाएंगे नशीले पदार्थ

*चाईबासा (पश्चिमी सिंहभूम)1 जिला समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिला उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक की संयुक्त अध्यक्षता में NCORD की जिला स्तरीय बैठक आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त के द्वारा बताया दिया गया कि जिले में बृहद स्तर पर नशा मुक्ति अभियान आज से प्रारंभ होकर 26 जून तक विभिन्न स्तरों पर आयोजित किया जाएगा। नशा मुक्ति अभियान में बृहद स्तर पर जागरूकता फैलाने के लिए ग्राम स्तर पर चौपाल का आयोजन, पंचायत स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम, प्रखंड स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम, जिला स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम के साथ-साथ हाट बाजार में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया। नशीले पदार्थों की बिक्री पर रोक जिला उपायुक्त के द्वारा संबंधित विभाग को निर्देशित किया गया कि जिले में अवस्थित पर्यटन स्थलों पर किसी भी प्रकार के मादक पदार्थ के आवागमन पर पूर्णत प्रतिबंध लगाया जाए और पर्यटन स्थलों पर मादक पदार्थ से बचने हेतु जागरूकता के मध्य नजर साइनस भी लगाया जाए। उपायुक्त के द्वारा सभी अनुमंडल पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि स्कूल, कॉलेज शैक्षणिक संस्थान के 100 मीटर के दायरे में तंबाकू उत्पाद की बिक्री पर पूर्णत प्रतिबंध लगाएंगे।बैठक के बाद जिला उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक की संयुक्त अध्यक्षता में नशा मुक्ति के विरुद्ध उपस्थित सभी पदाधिकारी और कर्मचारियों को शपथ दिलाया गया।*

# *मानसून को लेकर पटना मेट्रो ने शुरू की तैयारी, अधिक से अधिक निर्माण कार्य को पूरा करने के निर्देश*

*पटना मेट्रो की ओर से भी मानसून को लेकर कई तरह के काम में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। डीएमआरसी के सलाहकार (विशेष कार्य) दलजीत सिंह ने कंस्ट्रक्शन साइट का दौरा किया। एक-एक स्टेशनों के निर्माण साइट पर जाकर बारीकी से काम को देखा। साथ ही अलग-अलग जगहों पर अधूरे काम को जल्द से जल्द पूरा करने को कहा।*



***पटनाः*** *दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) के सलाहकार (विशेष कार्य) दलजीत सिंह ने पटना मेट्रो रेल प्रोजेक्ट के निर्माण स्थलों का जायजा लिया। निर्माण कार्यों में तेजी लाने के साथ-साथ सभी स्टेशन पर प्री-मॉनसून तैयारियों को शुरू करने का निर्देश दिया। उन्होंने मलाही पकड़ी, कट एंड कवर, भूतनाथ रोड, आईएसबीटी डिपो, बिहार म्यूजियम, आकाशवाणी, गांधी मैदान, पीएमसीएच, पटना विश्वविद्यालय और मोइनुल हक स्टेडियम मेट्रो स्टेशन निर्माण स्थलों पर जारी सिविल, इलेक्ट्रिकल और ट्रैक संबंधी कार्यों का निरीक्षण किया। दलजीत सिंह ने मेट्रो के अधिकारियों को मॉनसून के आगमन के पहले सभी निर्माण साइट पर अधिक से अधिक कार्य को पूरा कराने का निर्देश दिया। मलाही पकड़ी साइट पर अतिक्रमण की समस्या को जल्द हटाकर पियर के कार्य को पूरा करने का निर्देश दिया। भूतनाथ, जीरो माइल और आइएसबीटी डिपो मेट्रो स्टेशन पर ग्राउंड डेवेलपमेंट का कार्य पूरा करने जैसे साइट के आसपास के फुटपाथ को ठीक करना, लिफ्ट के लिए एक्सेस रैम्प को जल्द बनाना का निर्देश दिया।*

# NEET पेपर लीक का तेजस्वी यादव कनेक्शन! डिप्टी सीएम के चौंकाने वाले खुलासे के बाद बिहार में सियासी बवाल




***NEET Paper Leak Case: बिहार में बीजेपी के नेता और सरकार में उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने तेजस्वी यादव पर गंभीर आरोप लगाए हैं। विजय कुमार सिन्हा कथित पेपर लीक गिरोह के सरकारी गेस्ट हाउस में ठहरने के मामले को लेकर मीडिया को जवाब दे रहे थे। इसी क्रम में उन्होंने तेजस्वी यादव पर गंभीर आरोप लगाया है। उसके बाद आरजेडी ने इस बयान को गैरजिम्मेदाराना बताया है।***

**पटनाः**

*बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बुधवार को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) में पेपर लीक के आरोपों को अपने पूर्ववर्ती पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव से जोड़ने की कोशिश की। 5 मई को, बिहार में आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू), जो पेपर लीक के आरोपों की जांच कर रही है, ने कहा है कि उसकी जांच से पेपर लीक होने का संकेत मिलता है। कथित लीक में शामिल एक गिरोह के सदस्यों के पटना के एक सरकारी गेस्ट हाउस में ठहरने की खबरों के बीच सिन्हा ने कहा कि मैं जानकारी जुटा रहा हूं। एनएचएआई गेस्ट हाउस से जो लोग पकड़े गए हैं, उनका संबंध प्रीतम नामक व्यक्ति से है। लोग कहते हैं कि उसका संबंध पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव से है।* ***विजय कुमार सिन्हा का आरोप*** *विजय कुमार सिन्हा ने आगे कहा कि हम पूरे मामले की जानकारी जुटा रहे हैं। चुनाव के कारण अभी तक पूरी जानकारी नहीं जुटा पाए थे। हम इसकी समीक्षा करेंगे और जो भी दोषी होंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई होगी... उन्हें यह स्पष्ट करना होगा कि कौन मंत्री और कौन लोग इसका (गेस्ट हाउस) इस्तेमाल कर रहे थे। मैंने अपने विभाग में चेतावनी जारी कर दी है और मैं भी कार्रवाई करूंगा और पता लगाऊंगा कि किसके कहने पर बुकिंग हुई...कार्रवाई होगी। यह बड़ा मामला है। हमने पहले भी कहा है कि राजद की मानसिकता अपराधियों को प्रशिक्षित करने, पालने-पोसने और प्रोत्साहित करने की है...यह उच्चस्तरीय जांच में स्पष्ट हो जाएगा।*

***आरजेडी का जवाब***

*विजय कुमार सिन्हा की प्रतिक्रिया पर आरजेडी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुबोध कुमार मेहता ने 'इंडियन एक्सप्रेस' से कहा कि सबसे पहले, बिहार के डिप्टी सीएम सिन्हा को मीडिया की छिटपुट रिपोर्टों के आधार पर कोई गैर-जिम्मेदाराना बयान नहीं देना चाहिए। आर्थिक अपराध इकाई अपनी जांच में जो पाती है, उसे ही मानना चाहिए। जहां तक NEET मामले के मुख्य आरोपी सिकंदर यदुवंशी के विपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव के कर्मचारी से कथित संबंध का सवाल है। एनडीए को यह स्पष्ट करना चाहिए कि यदुवंशी को 2012 में जूनियर इंजीनियर की नौकरी कैसे मिली? और 2021 में दानापुर में पोस्टिंग के साथ उसे टाउन प्लानिंग विभाग में कैसे स्थानांतरित कर दिया गया? डिप्टी सीएम सिन्हा हमारे नेता पर आरोप लगा रहे हैं, ये बिल्कुल गलत है।*

*ईओयू कर रही मामले की जांच*

*बिहार ईओयू के एक विशेष जांच दल (एसआईटी), जिसने पिछले महीने पटना पुलिस से जांच का जिम्मा संभाला था, ने कहा है कि एक संगठित अंतरराज्यीय गिरोह के सदस्यों से कई उम्मीदवारों के एडमिट कार्ड, पोस्ट-डेटेड चेक और प्रमाण पत्र जब्त किए गए हैं। ईओयू के एक अधिकारी ने 'इंडियन एक्सप्रेस' को बताया कि इस मामले में अब तक गिरफ्तार किए गए 13 लोगों में से चार ऐसे उम्मीदवार हैं जिन्होंने NEET की परीक्षा दी थी। बाकी लोग उनके माता-पिता और संगठित गिरोह के सदस्य हैं, जिन्होंने कथित तौर पर रामकृष्ण नगर पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में एक स्कूल में परीक्षा से पहले 35 उम्मीदवारों को इकट्ठा किया और एक नकली परीक्षा आयोजित की। कथित तौर पर उन्हें वहां उत्तरों के साथ NEET का प्रश्न पत्र मिला था।*

# नीतीश कुमार के बेटे निशांत की होगी राजनीति में एंट्री? सीएम के खास मंत्री ने कर दिया सब क्लियर

**बिहार में इस वक्त एक चर्चा जोरों पर है। चर्चा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार राजनीति में उतरने वाले हैं, जिससे जनता दल यूनाइटेड पार्टी के अंदर चर्चा तेज हो गई है। दिल्ली में होने वाली राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में इस पर चर्चा होने की उम्मीद नहीं है।**



**पटनाः** बिहार में अटकलें लगाई जा रही हैं कि 'वंशवाद' की खिलाफत करने वाले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इकलौते बेटे सक्रिय राजनीति में आ सकते हैं। निशांत कुमार आम तौर पर सार्वजनिक रूप से नजर नहीं आते हैं। उन्हें बेहद कम अवसरों पर सार्वजनिक तौर पर पिता नीतीश कुमार के साथ देखा गया है। इधर पिछले कुछ हफ्तों से ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि 73 वर्षीय नीतीश कुमार 'पार्टी के अंदर उठ रही मांगों' पर सहमत हो सकते हैं। इसके बाद निशांत औपचारिक रूप से जदयू में शामिल हो जाएंगे। जदयू के पास दूसरे पंक्ति का नेतृत्व नहीं है, जो सुप्रीमो नीतीश कुमार के इस्तीफे के बाद उनकी जगह ले सके।

**विद्यानंद विकल के पोस्ट से चर्चाएं तेज** सोमवार को अटकलें और तेज हो गईं, जब पार्टी से जुड़े और राज्य खाद्य आयोग के प्रमुख विद्यानंद विकल ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डाली। विकल ने लिखा, 'बिहार को नए राजनीतिक परिदृश्य में युवा नेतृत्व की जरूरत है। निशांत कुमार में सभी अपेक्षित गुण हैं। मैं जद(यू) के कई साथियों की राय से सहमत हूं कि वे पहल करें और राजनीति में सक्रिय हों।'

**अटकलें निराधार, इस पर चर्चा न करेंः विजय कुमार चौधरी** हालांकि, जब इस संबंध में पूर्व राज्य जदयू अध्यक्ष और नीतीश कुमार मंत्रिमंडल में सबसे प्रभावशाली मंत्रियों में से एक विजय कुमार चौधरी से सवाल पूछे गए तो उन्होंने दावा किया कि अटकलें 'निराधार' हैं। मुख्यमंत्री के करीबी माने जाने वाले विजय कुमार चौधरी ने कहा, 'मैं पार्टी के लोगों से भी आग्रह करूंगा कि वे इस अति संवेदनशील मुद्दे पर सार्वजनिक चर्चा न करें, इसका कोई आधार नहीं है, बल्कि इससे लोगों के मन में संदेह पैदा हो सकता है।'

जब पत्रकारों ने स्पष्ट रूप से पूछा कि क्या मुख्यमंत्री के साथ उनकी बैठकों में कभी इस विषय पर चर्चा हुई है, तो चौधरी ने कहा, 'मैंने जो कहा है, वह इस प्रश्न का पर्याप्त उत्तर है।' **जेडीयू की बैठक में भी बड़े फैसले की उम्मीद नहींः जेडीयू पदाधिकारी** इस बीच, लोकसभा चुनावों में भाजपा की दूसरी सबसे बड़ी सहयोगी बनकर उभरी जदयू इस महीने के अंत में दिल्ली में होने वाली राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक की तैयारी कर रही है। पार्टी के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने बताया, 'पार्टी संविधान के अनुसार, राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठकें नियमित अंतराल पर होनी चाहिए। आदर्श रूप से, यह जून के आरंभ में आयोजित किया जाना चाहिए था।' नाम न बताने की शर्त पर पदाधिकारी ने कहा, 'हमें बैठक में किसी बड़े फैसले की उम्मीद नहीं है।'

# 15,200 अमीर चीन से निकलने की तैयारी में, आखिर ऐसा क्या हुआ कि अपने ही मोड़ने लगे मुंह!



**चीन दुनिया की दूसरी बड़ी इकॉनमी है। करीब दो दशक तक चीन ग्लोबल इकॉनमी का इंजन रहा लेकिन अब उसे कई मोर्चों पर संघर्ष करना पड़ रहा है। इस कारण पिछले साल रेकॉर्ड संख्या में चीन के रईसों ने दूसरे देशों का रुख किया था। इस साल नया रेकॉर्ड बन सकता है।**

**नई दिल्ली:** चीन करीब दो दशक तक ग्लोबल इकॉनमी का इंजन बना रहा लेकिन अब स्थितियां बदल गई हैं। चीन की इकॉनमी कई मोर्चों पर संघर्ष कर रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक इस साल 15,200 अमीर चीन छोड़ सकते हैं। पिछले साल 13,800 अमीरों ने चीन को अलविदा कहा था। लेकिन इस साल यह रेकॉर्ड टूट सकता है। इसमें वे लोग शामिल हैं जिनकी नेटवर्थ दस लाख डॉलर से अधिक है। इससे चीन की इकॉनमी को और झटका लग सकता है। इकॉनमी को लेकर अनिश्चितता और अमेरिका तथा पश्चिमी देशों के साथ लगातार बढ़ रहे तनाव के कारण चीन के रईस देश छोड़ रहे हैं। इनवेस्टमेंट माइग्रेशन फर्म Henley & Partners की रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। चीन छोड़ने वाले ज्यादातर लोगों का नया ठिकाना अमेरिका है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि यह बताना मुश्किल है कि चीन से जाने वाले लोग अपने साथ कितना पैसा ले गए हैं लेकिन पिछले साल देश छोड़ने वाले अमीरों की नेटवर्थ तीन करोड़ से एक अरब डॉलर के बीच थी। चीन की इकॉनमी पहले से ही संघर्ष कर रही है और इतनी बड़ी संख्या में अमीरों के देश छोड़कर जाने से अर्थव्यवस्था के बुरी तरह प्रभावित होने का खतरा है। चीन का रियल एस्टेट सेक्टर कई साल से गहरे संकट में है। इससे पूरी इकॉनमी के डूबने का खतरा बना हुआ है क्योंकि देश की जीडीपी में इसकी हिस्सेदारी करीब 30 फीसदी है। देश में स्थानीय सरकारें भी बुरी तरह कर्ज में डूबी हैं।

**चीन की इकॉनमी** पिछले साल आईएमएफ ने कहा था कि रियल एस्टेट संकट के कारण चीन में अनिश्चितता की स्थिति है। फिच रेटिंग्स ने अप्रैल में चीन का सॉवरेन क्रेडिट आउटलुक निगेटिव कर दिया। पिछले साल मूडीज इनवेस्टर सर्विस ने भी ऐसा ही किया था। जानकारों का कहना है कि चीन के रईस और मिडिल क्लास लोगों ने जापान के बारे में पूछताछ बढ़ा दी है। जापान की जीवनशैली बहुत अच्छी मानी जाती है। साथ ही यह दुनिया के सबसे सुरक्षित देशों में शामिल है। परंपरागत रूप से चीन के अमीर सिंगापुर जाना पसंद करते हैं। इसकी वजह यह है कि वहां की संस्कृति चीन से मिलती है और वहां चीन की भाषा बोली जाती है। लेकिन हाल के वर्षों में सिंगापुर ने चीन से आ रहे लोगों की जांच-पड़ताल बढ़ा दी है।

**नई दिल्ली:** फ्यूचर एंड ऑप्शंस (F&O) ट्रेडिंग यानी वायदा और विकल्प ट्रेडिंग को लेकर सेबी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने निवेशकों को सचेत किया था। लेकिन इसे बावजूद खुदरा निवेशकों की इसमें रुचि बढ़ रही है। लिहाजा, इससे जुड़े खतरों से निपटने के लिए सेबी डेरिवेटिव ट्रेडिंग के नियमों में कई बदलावों पर विचार किया जा रहा है। डेरिवेटिव एक फॉर्मल फाइनेंशियल कॉन्ट्रैक्ट है जो निवेशक को भविष्य की तिथि के लिए एसेट खरीदने और बेचने की अनुमति देता है।

# बैन झेलने के बाद दमदार वापसी! मैगी नूडल्स से रेकॉर्ड कमाई कर रही कंपनी, शेयर में डबल हुआ

**भारत में मैगी नूडल्स की बंपर सेल हो रही है। भारत नेस्ले के इंस्टैंट नूडल्स व सूप ब्रांड मैगी के लिए वैश्विक स्तर पर सबसे बड़ा बाजार बन गया है। नेस्ले इंडिया की ताजा वार्षिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 में मैगी की छह अरब से ज्यादा सर्विंग्स बेची हैं।**




**नई दिल्ली:** भारत में लोगों को मैगी नूडल्स काफी पसंद हैं। बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी लोग मैगी (Maggi) खाना पसंद करते हैं। देश में मैगी की जमकर बिक्री होती है। इसे बनाने वाली कंपनी नेस्ले (Nestle) के लिए भारत दुनिया का सबसे बड़ा बाजार बन गया है। कंपनी भारत में मैगी बेचकर बंपर कमाई कर रही है। भारत नेस्ले के इंस्टैंट नूडल्स व सूप ब्रांड मैगी के लिए वैश्विक स्तर पर सबसे बड़ा बाजार बन गया है, जबकि चॉकलेट वेफर ब्रांड किटकैट के लिए यह दूसरा सबसे बड़ा बाजार है। नेस्ले इंडिया की ताजा वार्षिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। इसके अलावा, उच्च दोहरे अंक की वृद्धि के साथ भारतीय बाजार नेस्ले के लिए सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक बन गया है। **कंपनी ने पेश की रिपोर्ट** नेस्ले इंडिया की 2023-24 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, '' व्यापकता, प्रीमियमीकरण और नवाचार, अनुशासित संसाधन आवंटन के साथ मिलकर कारोबार को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण रहे हैं।''नेस्ले मैगी ब्रांड के तहत लोकप्रिय इंस्टेंट नूडल्स और तैयार व्यंजन आदि बेचती है। रिपोर्ट के मुताबिक, कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 में मैगी की छह अरब से ज्यादा सर्विंग्स बेचीं, जिससे '' भारत दुनियाभर में मैगी के लिए सबसे बड़ा नेस्ले बाजार बन गया।'' नेस्ले मैगी ब्रांड के तहत अपनी बिक्री का विस्तार कर रही है और उसने 10 रुपये की किफायती कीमत पर ओट्स नूडल, कोरियन नूडल्स और अलग-अलग मसाले वाली मैगी व नूडल्स पेश किए हैं। **खूब बिक रहीं किटकैट** नेस्ले इंडिया ने कहा कि उसने किटकैट की 4,20 करोड़ 'फिंगर्स' बेचीं। नए उत्पादों को पेश करने, वितरण नेटवर्क के विस्तार और अभिनव ब्रांड से वृद्धि को बढ़ावा मिला। कंपनी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक सुरेश नारायणन ने रिपोर्ट में शेयरधारकों से कहा, '' इसे और मजबूत करते हुए आपकी कंपनी 2020 और 2025 के बीच नई क्षमताओं को विकसित करने और मौजूदा क्षमताओं का विस्तार करने के लिए करीब 7,500 करोड़ रुपये का निवेश करने के लिए तैयार है, जिसमें निरंतर वृद्धि और नवोन्मेषण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।'' नेस्ले इंडिया ने 31 मार्च, 2024 तक के पिछले 15 माह में 24,275.5 करोड़ रुपये की बिक्री दर्ज की है। मैगी पर साल 2015 में पांच महीने के लिए बैन लग गया था। लेकिन इसके बाद कंपनी ने बाजार में दोबारा वापसी की और सेल में जबरदस्त इजाफा हुआ।

**शेयर ने किया मालामाल** नेस्ले की मैगी की जबरदस्त बिक्री का असर शेयर पर भी दिख रहा है। नेस्ले के शेयर में पैसा लगाने वालों को शानदार मुनाफा हुआ है। कंपनी के शेयर ने पिछले 5 वर्षों में करीब 120 फीसदी का बंपर रिटर्न दिया है। कंपनी की मार्केट कैपिटलाइजेशन करीब 2.46 लाख करोड़ रुपये है। आज नेस्ले का शेयर 2,538.9 रुपये के स्तर पर ट्रेड कर रहा है।

# दिखने लगा आत्मनिर्भर भारत का असर, चीन से आयात में आई कमी लेकिन अभी लंबा सफर है बाकी





**देश में मैन्युफैक्चरिंग बढ़ाने और चीन जैसे देशों पर निर्भरता कम करने के लिए मोदी सरकार ने आत्मनिर्भर भारत अभियान शुरू किया था। इसका असर दिखना शुरू हो गया है। इस साल के पहले चार महीनों में चीन से आयात में गिरावट आई है।**

**नई दिल्ली:** देश में मैन्युफैक्चरिंग बढ़ाने और आयात पर निर्भरता कम करने के लिए मोदी सरकार ने आत्मनिर्भर भारत अभियान शुरू किया था। अब धीरे-धीरे इसका असर दिखना शुरू हो चुका है। इस साल के पहले चार महीनों के दौरान चीन से आयात में कमी आई है। कॉमर्स मिनिस्ट्री के आंकड़ों के मुताबिक जनवरी, फरवरी और मार्च में चीन से आयात में गिरावट आई जबकि अप्रैल में यह सपाट रहा। हालांकि अब भी व्यापार संतुलन पूरी तरह चीन के पक्ष में है। यानी चीन से हम बहुत सारा सामान मंगाते हैं और चीन को उसकी तुलना में बहुत कम एक्सपोर्ट करते हैं। अब भी हमारे कई सेक्टर पूरी तरह चीन से होने वाले आयात पर निर्भर हैं। इनमें रिन्यूएबल एनर्जी और फार्मास्यूटिकल्स शामिल हैं।

मिनिस्ट्री के आंकड़ों के मुताबिक जनवरी में चीन से आयात 8.96 अरब डॉलर रहा जो फरवरी में गिरकर 8.09 अरब डॉलर रह गया। मार्च में इसमें और गिरावट आई और यह 7.75 अरब डॉलर रहा। अप्रैल में यह 7.79 अरब डॉलर रहा। जनवरी-फरवरी के दौरान भारत के आयात में चीन की हिस्सेदारी में भी गिरावट आई जबकि इस दौरान ओवरऑल इम्पोर्ट में तेजी देखने को मिली। जनवरी में भारत का कुल आयात 53.35 अरब डॉलर रहा जिसमें चीन ही हिस्सेदारी 16.79 फीसदी रही। फरवरी में भारत का आयात बढ़कर 60.11 अरब डॉलर पहुंच गया लेकिन इसमें चीन की हिस्सेदारी 13.46 फीसदी रह गई। मार्च में भारत के कुल आयात में चीन की हिस्सेदारी 13.53 फीसदी और अप्रैल में 14.4 फीसदी रही।

**चीन के साथ व्यापार घाटा**

चीन से भारत टेलिकॉम और स्मार्टफोन पार्ट्स, लैपटॉप और पीसी, प्लास्टिक, आयरन एंड स्टील, केमिकल्स, नॉन-असेंबल्ड सेल, लीथियम-आयन बैटरी, फर्टिलाइजर और इलेक्ट्रॉनिक्स गुड्स शामिल हैं।

# दुनिया की सबसे वैल्यूएबल कंपनी बनी Nvidia, फाउंडर जेंसन हुआंग ने रईसी में अंबानी-अडानी को पछाड़ा

**एनवीडिया अब दुनिया का सबसे वैल्यूएबल कंपनी बन गई है। उसने माइक्रोसॉफ्ट को पछाड़कर यह तमगा हासिल किया है। एनवीडिया एआई चिप बनाती है और इसकी ग्लोबल सेल में कंपनी की 70 फीसदी हिस्सेदारी है। एनवीडिया के शेयरों में इस साल 174 फीसदी तेजी आई है जबकि पिछले साल यह 239 फीसदी चढ़ा था।**

**नई दिल्ली:** एआई चिप बनाने वाली अमेरिकी कंपनी एनवीडिया (Nvidia) दुनिया की सबसे वैल्यूएबल कंपनी बन गई है। कंपनी ने माइक्रोसॉफ्ट (Microsoft) को पछाड़कर यह उपलब्धि हासिल की है। मंगलवार को कंपनी के शेयरों में 3.5 फीसदी तेजी आई और इसके साथ ही कंपनी का मार्केट कैप 3.34 ट्रिलियन डॉलर पहुंच गया। माइक्रोसॉफ्ट के शेयरों में 0.5 फीसदी और ऐपल (Apple) के शेयरों में 1.1 फीसदी गिरावट आई। माइक्रोसॉफ्ट 3.32 ट्रिलियन डॉलर के साथ अब दुनिया की दूसरी सबसे वैल्यूएबल कंपनी है। ऐपल 3.27 ट्रिलियन डॉलर के साथ तीसरे नंबर पर है। एनवीडिया के शेयरों में इस साल 174 फीसदी तेजी आई है जबकि पिछले साल यह 239 फीसदी चढ़ा था। साल की पहली तिमाही में कंपनी के रेवेन्यू में 262% और प्रॉफिट में 462% की तेजी आई। एआई चिप की डिमांड में हाल के दिनों में काफी तेजी आई है। इसका सबसे ज्यादा फायदा सेंटा क्लारा हेडक्वार्टर वाली कंपनी एनवीडिया को हुआ है। दुनिया में एआई चिप की बिक्री में एनवीडिया की हिस्सेदारी करीब 70 फीसदी है। यही वजह है कि दुनिया के एनालिस्ट्स को लगता है कि कंपनी का शेयर अभी और ऊपर जा सकता है। कंपनी के फाउंडर और सीईओ जेंसन हुआंग ने हाल में कहा था कि एनवीडिया साल 2026 में अपना सबसे एडवांस्ड एआई चिप प्लेटफॉर्म Rubin लॉन्च करेगी। यह Blackwell का स्थान लेगा जो डेटा सेंटर्स को चिप सप्लाई करता है। इसे मार्च में लॉन्च किया गया था और तब कंपनी ने इसे दुनिया का सबसे पावरफुल चिप बताया था। भारत की 3,851 लिस्टेड कंपनियों पर भारी अमेरिका की केवल दो कंपनियां, कई देशों की जीडीपी से ज्यादा है मार्केट कैप अंबानी-अडानी से आगे निकले हुआंग

ताइवान में पैदा हुआ हुआंग ने साल 1993 में एनवीडिया की स्थापना की थी।



# मेटा, गूगल, एनवीडिया, माइक्रोसॉफ्ट, ऐपल, टेस्ला या ऐमजॉन... किस कंपनी में है सबसे ज्यादा सैलरी



**दुनिया की 10 टॉप वैल्यूबल कंपनियों में आठ अमेरिका की हैं। मैग्नीफिशिएंट 7 (Magnificent 7) में मेटा, गूगल की पेरेंट कंपनी अल्फाबेट, एनवीडिया, माइक्रोसॉफ्ट, ऐपल, टेस्ला और ऐमजॉन शामिल हैं। इनमें से कई कंपनियों स्टाफ की औसत सैलरी नेशनल एवरेज से ज्यादा है।**

**नई दिल्ली:**

अमेरिका दुनिया की सबसे बड़ी इकॉनमी है। मार्केट कैप के लिहाज से दुनिया की टॉप 10 कंपनियों में से आठ अमेरिका की हैं। मैग्नीफिशिएंट 7 (Magnificent 7) में मेटा, गूगल की पेरेंट कंपनी अल्फाबेट, एनवीडिया, माइक्रोसॉफ्ट, ऐपल, टेस्ला और ऐमजॉन शामिल हैं। इन कंपनियां का मार्केट कैप करीब 15 ट्रिलियन डॉलर है जो अमेरिका की कुल जीडीपी का करीब आधा है।

इनमें से तीन कंपनियों एनवीडिया, माइक्रोसॉफ्ट और ऐपल का मार्केट कैप तीन ट्रिलियन डॉलर से अधिक है। अमेरिका में औसतन सालाना सैलरी 60 हजार डॉलर है। लेकिन मैग्नीफिशिएंट 7 में शामिल कंपनियों में अधिकांश कंपनियों के कर्मचारियों की औसतन सालाना सैलरी नेशनल एवरेज से अधिक है। आइए जानते हैं कि इन कंपनियों के स्टाफ को सालाना औसतन कितनी सैलरी मिलती है।

पिछले साल मीडियन एम्प्लॉयी पे के हिसाब से देखें तो इसमें फेसबुक की पेरेंट कंपनी मेटा प्लेटफॉर्म्स सबसे आगे है। मार्क जकरबर्ग की अगुवाई वाली इस कंपनी में कर्मचारियों की सालाना औसतन सैलरी 379 हजार डॉलर है। महीने के हिसाब से देखें तो यह करीब 31.58 हजार डॉलर बैठती है। गूगल की पेरेंट कंपनी अल्फाबेट 316 हजार डॉलर का साथ दूसरे नंबर पर है। एनवीडिया (267 हजार डॉलर) तीसरे, माइक्रोसॉफ्ट (194 हजार डॉलर) चौथे और ऐपल (94 हजार डॉलर) पांचवें नंबर पर है। लेकिन टेस्ला और ऐमजॉन के कर्मचारियों की औसत सैलरी अमेरिका नेशनल एवरेज से कम है। टेस्ला में मीडियन एम्प्लॉयी पे 46 हजार डॉलर और ऐमजॉन में 36 हजार डॉलर है। यानी ऐमजॉन के कर्मचारियों को हर महीने औसतन तीन हजार डॉलर का वेतन मिलता है।

**सबसे ज्यादा सैलरी वाला सीईओ**

जहां तक सबसे ज्यादा सैलरी पाने वाले सीईओ का सवाल है तो इस मामले में ऐपल के सीईओ टिम कुक पहले नंबर पर हैं। आईफोन और आईपैड बनाने वाली इस कंपनी ने पिछले साल अपने सीईओ को 6.3 करोड़ डॉलर का भुगतान किया था। ऐमजॉन के एंडी जैसी को पिछले साल 14 करोड़ डॉलर का वेतन मिला था।

टेस्ला के शेयरहोल्डर्स ने अपने सीईओ एलन मस्क के लिए 56 अरब डॉलर का पैकेज मंजूर किया था। लेकिन मस्क को पिछले साल कोई सैलरी नहीं मिली। उन्हें स्टॉक ऑप्शंस के जरिए भुगतान किया जाता है। मस्क टेस्ला समेत कई कंपनियां चलाते हैं। वह 208 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के सबसे रईस व्यक्ति हैं।

# हिंदुजा फैमिली पर घरेलू स्टाफ से क्रूरता के आरोपः स्विट्ज़रलैंड में पासपोर्ट जब्त कर 18 घंटे काम लिया



भारतवंशी अरबपति हिंदुजा फैमिली पर घरेलू स्टाफ से क्रूरता से पेश आने के आरोप लगे हैं। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक इन्होंने स्विट्ज़रलैंड में अपने विला पर घरेलू स्टाफ्स से बेहद कम कीमत पर 15 से 18 घंटे तक काम कराया। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक स्विटजरलैंड में सोमवार से इन पर मानव तस्करी का ट्रायल शुरू हो गया है। सरकार के वकील ने दोषियों को कम से कम 1 साल की सजा की मांग की है। ब्लूमबर्ग ने एक अन्य सरकारी वकील ने कोर्ट में आरोप लगाया है कि हिंदुजा अपने स्टाफ से अधिक अपने कुत्तों पर खर्च कर देते थे। रिपोर्ट में ये दावा किया गया है कि इस दौरान उन्होंने स्टाफ के पासपोर्ट तक जब्त कर लिए थे। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि हिंदुजा फैमिली जेनेवा के 'लेक विला' में अपने स्टाफ को करीब 18 हजार रुपये महीने देती थी ये पैसे उन्हें भारतीय रुपये में दिए जाते थे। इस पैसे का वे वहां पर इस्तेमाल भी नहीं कर पाते थे। **स्टाफ को नौकरी छोड़ने की इजाजत नहीं थी** रिपोर्ट के मुताबिक सरकारी वकील ने कोर्ट में ये दावा किया कि हिंदुजा फैमिले के विला में कर्मचारियों के लिए न तो काम के घंटे तय हैं और न ही उनकी साप्ताहिक छुट्टी का कोई तय समय है। इन स्टाफ को नौकरी छोड़ने की भी इजाजत नहीं है। उन्हें बिना परमिशन के घर से बाहर नहीं निकलने दिया जाता है।

**सरकारी वकील ने जेल भेजने की मांग की** रिपोर्ट के मुताबिक सरकारी वकील ने कोर्ट से ये मांग की है कि अजय हिंदुजा और उनकी पत्नी नम्रता को जेल भेजा जाए। हिंदुजा फैमिले के जिन सदस्यों पर आरोप लगाया गया है उनमें प्रकाश हिंदुजा, कमल हिंदुजा, अजय हिंदुजा और उनकी पत्नी नम्रता हिंदुजा शामिल हैं। हिंदुजा फैमिली ने इन आरोपों से इनकार किया है। उन्होंने कहा है कि वे न तो इन स्टाफ की हायरिंग में शामिल थे। इतना ही नहीं वे इन स्टाफ को हैंडल भी नहीं करते थे। इसलिए उन पर शोषण के ये आरोप गलत हैं। **हिंदुजा फैमिली ने आरोपों का किया खंडन** इसके साथ ही हिंदुजा फैमिली ने ये दावा किया है कि सरकाली वकीलों ने मामले की पूरी सच्चाई नहीं बताई है। उन्होंने दावा किया कि स्टाफ के लिए भोजन की पर्याप्त व्यवस्था की गई थी और उन्हें रहने के लिए घर भी दिया गया था। हिंदुजी फैमिली ने कहा कि स्टाफ के 18 घंटे काम कराने का आरोप बढ़ाचढ़ा कर कहा गया है।

हिंदुजा फैमिली के वकील ने कोर्ट में दावा किया कि उनके कई घरेलू स्टाफ भारत जाने के बाद फिर से स्विटजरलैंड में काम करने के लिए लौटे हैं। अगर उन्हें यहां दिक्कत हुई होती तो वे फिर से यहां काम करने क्यों आते। बचाव पक्ष ने दावा किया कि सरकारी वकील के दावे भ्रामक हैं। उन्होंने कहा कि स्टाफ के साथ स्थानीय नियमों के मुताबिक व्यवहार किया जाता है। बचाव पक्ष के वकील ने ये भी दावा किया कि एक भी ऐसा स्टाफ ये दावा नहीं कर सकता कि उन्हें अजय हिंदुजा ने काम पर रखा था। **ब्रिटेन में सबसे अमीर हैं हिंदुजा** हिंदुजा फैमिली ब्रिटेन से अपना कारोबार चलाती है। ये फैमिली दुनिया के सबसे रईस लोगों की लिस्ट में शामिल है। फोर्ब्स के अनुसार, 2023 में हिंदुजा परिवार की कुल संपत्ति 20 बिलियन डॉलर थी। हिंदुजा ब्रिटेन में सबसे धनी फैमिली है। हिंदुजा फैमिली पर घरेलू स्टाफ से क्रूरता के आरोपःस्विट्ज़रलैंड में पासपोर्ट जब्त कर 18 घंटे काम लिया, स्टाफ से ज्यादा कुत्तों पर खर्चा; ट्रायल शुरू हिंदुजा फैमिली के गोपी हिंदुजा ब्रिटेन के सबसे रईस शख्स हैं। वे दुनिया के टॉप 200 अमीर लोगों की सूची में शामिल हैं। हिंदुजा ग्रुप का कारोबार टेलीकॉम, ऑइल एंड गैस, पावर एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर, रिएलिटी, ऑटो, हेल्थकेयर आदि सेक्टर्स में है।

# प्याज, आलू और टमाटर ने बिगाड़ा किचन का बजट तो लोगों ने निकाली यह तरकीब



**आलू, प्याज और टमाटर की कीमत में हाल में काफी तेजी आई है। करीब 20 रुपये किलो के भाव मिलने वाली इन सब्जियों की कीमत दोगुनी से भी ज्यादा हो चुकी है। एक सर्वे रिपोर्ट में दावा किया गया है कि कीमतों में बढ़ोतरी से 16% घरेलू उपभोक्ताओं को इनकी खपत में कटौती करनी पड़ी।**

**नई दिल्ली:** आलू, प्याज और टमाटर सबसे ज़रूरी सब्जियां हैं, जिसकी खपत लगभग हर घर में होती है। लेकिन, लोकल सर्कल्स के एक सर्वे रिपोर्ट में दावा किया गया है कि कीमतों में बढ़ोतरी से 16% घरेलू उपभोक्ताओं को इनकी खपत में कटौती करनी पड़ी। मंगलवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि आलू, प्याज, टमाटर जैसी सब्जियों की कीमतें 50 रुपये प्रति किलो से अधिक होने पर इसका असर 31% लोगों पर पड़ता है। सर्वे के दौरान प्रत्येक तीन लोगों में से दो ने माना कि उन्होंने हाल के दिनों में टमाटर के लिए 25 रुपये प्रति किलो या इससे अधिक, आलू के लिए 30 रुपये प्रति किलो या इससे ज्यादा और प्याज के लिए 35 रुपये प्रति किलो या इससे अधिक भुगतान किया।

**महंगाई की वजह क्या?**

रिपोर्ट में कहा गया है कि इस साल केरल में मॉनसून दो दिन पहले आ गया, लेकिन बारिश ठीक-ठाक नहीं हुई। अधिकतर राज्यों में तापमान बढ़ने के साथ ही बिजली कटौती हुई और पानी की कमी से फसल प्रभावित हुई। इस दौरान फलों और सब्जियों की मांग बढ़ने से वे महंगी होती गईं। पिछले कुछ हफ्तों में प्याज, आलू और टमाटर जैसी जरूरी सब्जियों की कीमतों में 20 से 50% तक का उछाल आया है। सब्जी विक्रेताओं ने इसके लिए आपूर्ति में कमी को वजह बताया।

**टाटा इस दिन से बढ़ाने जा रही गाड़ियों के दाम, 2 फीसदी तक बढ़ेगी कीमत, अब इतनी ढीली होगी जेब**

**नई दिल्ली:** टाटा मोटर्स ने लोगों को महंगाई का झटका दिया है। कंपनी ने अपने कमर्शियल वाहनों की कीमतों को बढ़ाने का ऐलान कर दिया है। अब टाटा की गाड़ियां करीब 2 फीसदी महंगी हो जाएंगी। ये बढ़े हुए दाम एक जुलाई से लागू होंगे। टाटा मोटर्स की ओर से इसकी जानकारी दी गई है। कंपनी के मुताबिक, सभी वैरिएंटस में यह इजाफा अलग-अलग होगा। टाटा मोटर्स के मुताबिक, कमोडिटी प्राइस में आ रही तेजी की वजह से उसे गाड़ियों की कीमतें बढ़ानी पड़ रही हैं। कीमतों में बढ़ोतरी सभी कॉमर्शियल व्हीकल्स की रेंज पर लागू होगी।

एक नजर

## इस्लामिक दुनिया का नेता बनने के चक्कर में फंसे मुइज्जू, इजरायली पासपोर्ट पर प्रतिबंध बना गले की फांस, विरोध के बाद रोका



ताइपे

भारत में लोकसभा चुनाव में पीएम मोदी के फिर से PM बनने पर ताइवान के राष्ट्रपति लाइ चिंग ते ने बधाई दी थी। इसके बाद चीन ने इस पर आपत्ति जताई थी। अब ताइवान ने इस पर पलटवार किया है। ताइवान के उप विदेश मंत्री टीएन चुंग-क्वांग ने कहा कि मुझे लगता है कि न तो मोदी जी और न ही हमारे राष्ट्रपति चीन से डरने वाले हैं। दरअसल भारत और ताइवान के बीच मजबूत संबंधों की बात पर चीन की आलोचना के बारे में ताइवानी उप विदेश मंत्री से सवाल पूछा गया था। इस पर उन्होंने ये बात कही। ताइवान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों नेताओं (भारत के PM और ताइवान के राष्ट्रपति) के बीच सौहार्दपूर्ण बातचीत पर चीन का नाराज होना बिल्कुल गलत है। ताइवाने विदेश मंत्रालय ने कहा कि धमकी देने से मित्रता नहीं बढ़ती। ताइवान, भारत के साथ साझेदारी बढ़ाने पर जोर दे रहा है। दोनों देशों के संबंध परस्पर लाभ और साझा मूल्यों पर आधारित हैं। ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग ते ने प्रधानमंत्री मोदी को जीत पर बधाई दी थी।

ताइवान के राष्ट्रपति की बधाई पर PM मोदी का जवाब

पिछले महीने राष्ट्रपति पद की शपथ लेने वाले ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग ते ने 7 जून को एक पोस्ट में पीएम नरेंद्र मोदी को लोकसभा चुनाव 2024 में उनकी जीत पर बधाई दी थी। उन्होंने एक पोस्ट में लिखा था कि भारत-ताइवान आपसी साझेदारी, व्यापार, टेक्नोलॉजी और अन्य क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए तैयार है ताकि इंडो पैसिफिक में शांति बन सके। इसके बाद PM मोदी ने अपने जवाब में लिखा था, 'भारत ताइवान के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने के लिए तैयार है।' मोदी के इस कमेंट से चीन भड़क गया था। इसके बाद चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने भारत को चेतावनी दी थी कि वो ताइवान से दूर रहे।

माओ निंग ने कहा था कि दुनिया में सिर्फ एक चीन है और ताइवान चीन का ही एक हिस्सा है। चीन ताइवान को अलग देश मानकर उससे रिश्ते रखने वाले देशों का विरोध करता है। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता ने कहा कि दुनिया एक चीन के सिद्धांत को मानती है। इसी आधार पर वह दुनियाभर देशों के साथ संबंध बनाता है। भारत भी उन देशों में है जो वन चाइना पॉलिसी का समर्थन करता है। ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी को ताइवान के राष्ट्रपति की बधाई का विरोध करना चाहिए। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने भारत को ताइवान से दूर रहने को कहा था।

ताइवान को लेकर क्या रहा है भारत का स्टैंड...

सीनियर जर्नलिस्ट पलकी शर्मा के मुताबिक दिसम्बर 1949 में भारत चीन को मान्यता देने वाले पहले एशियाई देशों में से एक रहा। इसके बाद 45 सालों तक भारत और ताइवान के बीच कोई औपचारिक सम्पर्क नहीं रहा। दोनों देशों के बीच गतिरोध की स्थिति बनी रही। ताईवान का रवैया भी भारत को लेकर बहुत पॉजिटिव नहीं था।

ताइवान अपनी वन-चाइना नीति पर अड़ा रहा, जिसमें ताइपे सत्ता का केंद्र था। तिब्बत और मैकमोहन लाइन पर उसकी पोजिशन ठीक वही थी, जो चीन की थी। उसके अमेरिका से गहरे सम्बंध थे, लेकिन भारत जैसे देशों में उसकी अधिक रुचि नहीं थी। लेकिन, 1990 के दशक में भारत की विदेश नीति बदली। उसने लुक-ईस्ट नीति अपनाई, जिसके चलते ताइवान से रिश्ते बढ़ाने की कोशिश की और ताइवान ने भी अच्छी प्रतिक्रिया दी। 1995 में अनधिकृत दूतावासों की स्थापना की गई।

## पुतिन ने किम जोंग को लग्जरी कार गिफ्ट की:तानाशाह ने रेड कार्पेट बिछाकर स्वागत किया, इमारतों पर रूसी राष्ट्रपति के पोस्टर लगवाए

प्योंगयांग

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 24 साल बाद बुधवार सुबह को नॉर्थ कोरिया के दौरे पर पहुंचे। यहां एयरपोर्ट पर तानाशाह किम जोंग उन ने खुद उन्हें रिसीव किया। पुतिन के साथ रूस के 10 मंत्रियों और अधिकारियों का डेलिगेशन मौजूद है। इनमें विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और रक्षा मंत्री आंद्रे बेलोऊसोव शामिल हैं। पुतिन ने किम जोंग को तोहफे में लग्जरी कार ऑरस भेंट की है। इसके अलावा रूसी राष्ट्रपति ने तानाशाह को एक कटार और टी सेट भी गिफ्ट किया। पुतिन के सहयोगी यूरी ऊषाकोव ने बताया कि ये तोहफे पुतिन की छवि को दर्शाते हैं। यह पहली बार नहीं है जब पुतिन ने किम जोंग को इतने लग्जरी गिफ्ट दिए हैं। इससे पहले पिछले साल फरवरी में भी पुतिन ने उन्हें ऑरस लिमोजिन कार भेंट की थी। इससे पहले रूसी राष्ट्रपति के स्वागत में एयरपोर्ट पर रेड कार्पेट बिछाया गया। दोनों नेताओं ने एक-दूसरे को गले भी लगाया। इसके बाद राजधानी प्योंगयांग के सिटी स्क्वायर पर पुतिन का आधिकारिक स्वागत हुआ। चौराहे को रंग बिरंगे गुब्बारों से सजाया गया। सड़कों पर पुतिन के काफिले को देखने के लिए हजारों लोगों की भीड़ उमड़ी। उनके हाथ में रूस और नॉर्थ कोरिया का झंडा था।

फुटेज में पुतिन के काफिले को देखने उमड़ी भीड़ नजर आ रही है। इसके अलावा कुछ इमारतों पर पुतिन और किम जोंग के बड़े-बड़े पोस्टर भी लगाए गए। सिटी



स्क्वायर पर पुतिन के स्वागत में मिलिट्री बैंड ने दोनों देशों की राष्ट्र धुन बजाई। इस दौरान वहां इकट्ठा हुए बच्चों के हाथ में रंग-बिरंगे फूल भी मौजूद थे। पूरे कार्यक्रम के दौरान किम जोंग की बहन किम यो जोंग भी वहां मौजूद रहीं।

**नॉर्थ कोरिया की 105 मंजिला इमारत रंग-बिरंगी लाइट्स से जगमगाई**

ब्रिटिश मीडिया BBC के मुताबिक, पुतिन के स्वागत में ग्रैंड परेड के अलावा प्योंगयांग में मौजूद 105 मंजिला रुगयोंग होटल को LED लाइट्स से सजाया गया। इस पर 'वेलकम पुतिन' और 'दोस्ती' लिखा नजर आया। रूसी न्यूज एजेंसी इंटरफैक्स के मुताबिक, दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय बैठक भी हुई। इस दौरान पुतिन ने यूक्रेन जंग में रूस का साथ देने के लिए किम जोंग को धन्यवाद कहा। पुतिन ने एक नए मौलिक दस्तावेज की भी घोषणा की, जो दोनों देशों के बीच रिश्तों की बुनियाद बनेगा। पुतिन ने कहा कि पिछले साल किम जोंग की रूस यात्रा के दौरान दोनों देशों के रिश्ते मजबूत हुए थे। अब इस पार्टनरशिप को आगे बढ़ाने के लिए नया फंडामेंटल डॉक्यूमेंट बनाया गया है। पुतिन बोले- अमेरिका की धमकियों के खिलाफ नॉर्थ कोरिया का साथ देगा रूस

बैठक के दौरान पुतिन ने वादा किया कि रूस अमेरिकी दबाव, ब्लैकमेल और धमकियों के खिलाफ नॉर्थ कोरिया का समर्थन करेगा। रूसी राष्ट्रपति ने किम जोंग को रूस आने का भी न्योता दिया। तानाशाह किम इससे पहले सितंबर 2023 में रूस के वोस्तोचिनी कॉस्मोड्रोम पहुंचे थे, जहां पुतिन ने उनका स्वागत किया था। बैठक के दौरान तानाशाह किम जोंग ने कहा कि वे यूक्रेन के खिलाफ रूस की जंग का समर्थन करते हैं। दोनों देश विकास के नए दौर की तरफ बढ़ रहे हैं। ऐसे में नॉर्थ कोरिया रूस के साथ अपनी दोस्ती को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। दोनों नेताओं के सामने मिलिट्री बैंड ने रूस-नॉर्थ कोरिया की राष्ट्र धुन भी बजाई।

## ये एटम बम बेचकर विदेश ना भाग जाएं... परमाणु बमों में भारत ने पाकिस्तान को पछाड़ा तो अपनों पर भड़के पाकिस्तानी



**भारत परमाणु हथियारों के मामले में पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान से आगे निकल गया है। स्वीडन के स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट ने ये खुलासा किया है। अब भारत के पास पाकिस्तान से दो परमाणु हथियार ज्यादा है। इसे पाकिस्तानियों के लिए एक झटके की तरह से देखा जा रहा है।**

**इस्लामाबादः** वैश्विक हथियार ट्रैकर SIPRI की रिपोर्ट के अनुसार भारत का परमाणु हथियार भंडार 25 वर्षों में पहली बार पाकिस्तान से बड़ा हो गया है। भारत के पास अब 172 हथियार हो गए हैं। एसआईपीआरआई की नवीनतम रिपोर्ट से यह भी पता चलता है कि भारत ने पिछले साल अपने जखीरे में आठ परमाणु हथियार जोड़े हैं, जिससे उसके हथियारों की संख्या 164 से बढ़कर 172 हो गई। यह भी अनुमान लगाया गया है कि पाकिस्तान का परमाणु भंडार 170 पर स्थिर है। 1999 के बाद यह पहली बार है कि भारत के पास पाकिस्तान से ज्यादा परमाणु हथियार हैं। पाकिस्तान के यूट्यूबर सुहेब चौधरी ने इस पर अपने देश के लोगों से बात करते हुए उनकी राय जानी है। इस पर पाकिस्तानियों ने जमकर अपनी सरकार और सेना को सुनाया है। पाकिस्तान के राजनेता और फौज के लोग अक्सर ही अपने परमाणु हथियारों की चर्चा करते रहे हैं। इसको लेकर पाकिस्तानी खुद ही अपनी पीठ ठोकते रहे हैं। अब जबकि पाकिस्तान इस मामले में भी भारत से पिछड़ गया है तो फिर वहां के लोग इसे कैसे देख रहे हैं, इस पर पाकिस्तान के यूट्यूबर सुहेब चौधरी ने लोगों से बात की तो उन्होंने कहा कि दशकों से नेता बम की रट लगाते रहे हैं लेकिन उसको समझना चाहिए कि देश लोगों के मजबूत होने से होता है ना कि बम से ये होगा। मलिक हारुन ने सुहेब से कहा कि सरकार ऐसे कदम उठाए कि आम लोगों की माली हालत ठीक हो, यहीं से तरक्की के रास्ते खुलेंगे। उन्होंने कहा कि बिना परमाणु बम के बिना भी दुनिया के बहुत से देश बेहद खुशहाल हैं, ऐसे में बम के बजाय हमें इकॉनमी पर ध्यान देना चाहिए। **'ये बम किसी काम के नहीं हैं'** गुलफाम ने कहा, 'ये एटम बम फिजूल की चीज है, ये कभी नहीं चलने हैं। इनकी किसी को जरूरत नहीं है। ये बस दिखाने की और डींगें हांकने की चीज है। हमें जरूरत रोटी, अस्पताल और स्कूल की है। हम तो ऐसा समझते हैं कि पाकिस्तान के लोग इस चक्कर में ना पड़ें बल्कि भारत के लोग भी इस दौड़ में ना पड़ें। ये किसी काम के नहीं हैं। हमारे देश से ही अलग हुए बांग्लादेश के पास तो एटम बम नहीं है लेकिन वो मुल्क बीते कुछ सालों में भारत और पाकिस्तान दोनों से आगे बढ़ा है। इसी तरह से अरब और यूरोप के कई मुल्कों के पास बहुत छोटी सी फौज है लेकिन वहां खुशहाली पाकिस्तान, भारत और दूसरे कई परमाणु हथियार वाले देशों से बहुत ज्यादा है। कमर मुनीर ने कहा, 'भारत से मुकाबला करने की बातें ही अब बेवजह की हैं। पाकिस्तान के जो हालात आज के वक्त में हैं, वो ऐसे नहीं हैं कि किसी से लड़ सकें। आवाम महंगाई से मरी जा रही है। किसानों को सही दाम नहीं मिल पा रहे हैं। ऐसे में क्या ही इन हथियारों का करना है और क्या हमारा देश कोई लड़ाई लड़ेगा। मुझे तो लग रहा है कि जिस हिसाब से देश के संसाधनों को प्राइवेट किया जा रहा है और विदेश की कंपनियों को सौपा जा रहा है, उससे एटम बम भी खतरे में हैं। किसी दिन ऐसा ना हो कि ये नेता एटम बेचकर विदेश निकल जाएं।'

## दुनिया में पहला AI मॉडल्स का ब्यूटी कॉन्टेस्ट:भारत की AI जारा टॉप-10 में; खूबसूरती और तकनीक इसके पैमाने, 11 लाख का इनाम





तस्वीर भारत की AI सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर जारा शतावरी की है। इन्हें ऐड एजेंसी के मालिक राहुल चौधरी ने बनाया है। मिस वर्ल्ड और मिस यूनिवर्स जैसे ब्यूटी पेजेंट्स के बाद अब दुनिया में पहला AI ब्यूटी पेजेंट होने वाला है। फोर्ब्स की रिपोर्ट के मुताबिक, AI मॉडल्स के बीच हो रही इस प्रतियोगिता को ब्रिटेन की फैनव्यू कंपनी वर्ल्ड AI क्रिएटर अवॉर्ड्स (WAICA) के साथ मिलकर आयोजित कर रही है।

इस प्रतियोगिता में 2 AI जजों के अलावा PR एडवाइजर एंड्र्यू ब्लोच और बिजनेसमान सैली ऐन-फॉसेट भी बतौर जज मौजूद रहेंगे। पेजेंट के पहले चरण में 1500 प्रतिभागियों के बीच से टॉप 10 AI मॉडल्स का चयन किया गया है। अब इनमें शुरुआती 3 पायदान पर जीत हासिल करने वाली मॉडल्स को प्राइज दिया जाएगा। जारा शतावरी नोएडा की रहने वाली हैं। वह सोशल मीडिया फैशन, हेल्थ और फिटनेस से जुड़ी टिप्स देती हैं। जारा शतावरी नोएडा की रहने वाली हैं। वह सोशल मीडिया फैशन, हेल्थ और फिटनेस से जुड़ी टिप्स देती हैं। मिस AI बनने वाली मॉडल को 10.84 लाख रुपए के अलावा उसे बनाने वाले क्रिएटर को पब्लिक रिलेशन्स के लिए 4.17 लाख रुपए दिए जाएंगे। कॉम्पिटिशन के टॉप 10 प्रतिभागियों में भारत की AI मॉडल जारा शतावरी भी शामिल हैं। जारा को एक मोबाइल ऐड एजेंसी के सह-संस्थापक राहुल चौधरी ने बनाया है। जारा एक हेल्थ और फिटनेस इन्फ्लूएंसर हैं। उनका सोशल मीडिया पेज भी है, जहां वह हेल्थ और फैशन से जुड़ी टिप्स देती रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनके 8 हजार से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। अपनी ज्यादातर तस्वीरों में जारा योग के साथ हेल्दी खाने से जुड़ी बातें बता रही हैं। जारा इस ब्यूटी एजेंट में एशिया से चुनी गईं 2 मॉडल्स में से एक हैं।

**PMH बायोकेयर की ब्रांड एंबेसडर हैं AI जारा** जारा जून 2023 से PMH बायोकेयर की ब्रांड एंबेसडर हैं। शतावरी अगस्त 2023 में इन्फ्लुएंसर मार्केटिंग टैलेंट मैनेजर के रूप में डिजीमोजो ई-सर्विसेज LLP से जुड़ी हुई हैं। वह UP के नोएडा की रहने वाली हैं। शतावरी की वेबसाइट के मुताबिक, उनका मिशन स्वास्थ्य, करियर के विकास और फैशन पर सुझाव साझा करना है। सलाह देकर व्यक्तियों को अपना सर्वश्रेष्ठ जीवन जीने के लिए सशक्त बनाना है। एक प्राकृतिक भारतीय रूप और एक मानवीय स्पर्श के साथ, जारा का लक्ष्य अपने फॉलोअर्स के साथ गहराई से जुड़ना और उन्हें हर दिन प्रेरित करना है।

भारत के अलावा जिन देशों की AI मॉडल्स को सेलेक्ट किया गया है, उनमें रोमानिया की ऐयाना रेनबो, फ्रांस की ऐन केर्दी, मोरक्को की केन्जा लायली और ब्राजील की ऐल्या लोऊ शामिल हैं। इनके अलावा पुर्तगाल, तुर्किये और बांग्लादेश की मॉडल्स भी चुनी गई हैं। ये सभी AI मॉडल्स किसी न किसी क्षेत्र में जागरूकता फैलाने का काम करती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, ब्यूटी पेजेंट में मिस AI का चयन उसकी खूबसूरती, तकनीक और सोशल मीडिया पर असर के जरिए होगा। हालांकि, इसके विजेता की घोषणा कब होगी, इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

## भारतीयों 'गजनवी राज' को तैयार रहो, हिंदुओं का पेट फाड़ दो... आईएस ने दी गीदड़भभकी, मुस्लिमों को भड़काया

**आईएस आतंकियों ने भारत में महमूद गजनवी राज लाने की गीदड़भभकी दी है। आईएस ने भारत और दुनिया के मुस्लिमों को हिंदुओं के खिलाफ हमले की धमकी दी है। यही नहीं पीएम मोदी को इस्लाम का दुश्मन करार दिया गया है। माना जा रहा है कि चर्चा में आने के लिए आईएस ने यह धमकी दी है।**




**काबुलः** इस्लामिक स्टेट के आतंकियों ने एक बार फिर से भारत को धमकी दी है। आईएसआईएस के आतंकियों ने अपनी पत्रिका वाइस ऑफ खोरासन के ताजा अंक में भारत और दुनियाभर के मुस्लिमों से हिंदुओं के नरसंहार के लिए कहा है। यही नहीं आईएस ने मध्यकालीन मुस्लिम आक्रांता महमूद गजनवी और मुहम्मद बिन कासिम की तारीफ की। उसने कहा कि भारतीय महमूद गजनवी राज के लिए फिर से तैयार रहें। आईएस आतंकियों ने पीएम मोदी और अन्य बीजेपी नेताओं को इस्लाम का दुश्मन करार दिया है। अफगानिस्तान में सक्रिय चल रहे आईएस आतंकियों को इन दिनों पाकिस्तानी सेना से मदद मिल रही है। पाकिस्तानी सेना तालिबान को सबक सिखाने के लिए आईएस को मदद दे रही है।

वाइस ऑफ खोरासान पत्रिका के कवर पेज पर हेडिंग दी गई है, 'ओ बहुदेववादी भारतीय राजाओं। महमूद गजनवी का फिर से सामना करने के लिए तैयार रहो।' गजनवी ने भारत में सोमनाथ मंदिर को तोड़ दिया था और कई बार हमला किया था। आईएस ने मुस्लिमों को भड़काते हुए कहा, 'भारतीयों को कार से टक्कर मार दो, चाकू से पेट फाड़ दो, मंदिरों, घरों, कारों, संपत्ति और फसल को जला दो। भीड़ से भरी जगहों को निशाना बनाओ और हिंदुओं को यह दिखाओ कि पैगंबर मुहम्मद का उम्मा अभी भी जिंदा है।' आईएस ने यह भी कहा कि अगर भारतीय मुस्लिम हिंदुओं पर हमला करने में सक्षम नहीं होते हैं तो दुनियाभर के मुस्लिम एकजुट हो और भारत पर हमला करें।

**'मोदी इसलाम के दुश्मन'** आईएस आतंकियों ने अपने लेख में हिंदू नेताओं खासकर बीजेपी से जुड़े लीडर्स को मुस्लिमों का दमन करने वाला करार दिया। इस्लामिक स्टेट के खास निशाने पर पीएम मोदी रहे और उन्हें इस लेख में 'इस्लाम का दुश्मन' तक करार दे दिया गया है। आईएस ने पीएम मोदी की नीतियों की आलोचना की और इसे मुस्लिमों के खिलाफ बताया। राम मंदिर निर्माण पर भी आईएस ने जमकर जहर उगला है और इससे संकेत मिल रहे हैं कि वह अयोध्या में हमले की तैयारी कर रहा है। उसने कहा कि मस्जिद की पवित्र जमीन पर अब गाय और मूर्ति की पूजा हो रही है।

**अलीगढ़ से गिरफ्तार AMU का छात्र, IS के आतंकी हमले की साजिश में शामिल था** इस लेख में ओवैसी के खिलाफ चुनाव लड़ने वाली माध्वी लता और बीजेपी की पूर्व प्रवक्ता नूपुर शर्मा की भी आलोचना की गई है। आईएस ने सऊदी अरब की भी जमकर आलोचना की है और आरोप लगाया कि आधुनिकीकरण और व्यापार के नाम पर अरब देशों का पश्चिमीकरण हो रहा है। इसमें सऊदी अरब में मनोरंजन केंद्र और अन्य आयोजन का उदाहरण दिया गया है। विश्लेषकों का कहना है कि अफगानिस्तान में पाकिस्तान की मदद से आईएस आतंकी फिर से पैर जमा रहे हैं और तालिबान के साथ उनकी लड़ाई तेज हो गई है। आईएस की कोशिश है कि तालिबान के विरोधियों को साथ लेकर अपने आधार को मजबूत किया जाए।

## मक्का में 550 हजयात्रियों की मौत, क्या अब सऊदी में हज करना ही हो जाएगा असंभव? विशेषज्ञों ने दी चेतावनी

***सऊदी अरब में 17 जून को मक्का की ग्रैंड मस्जिद में तापमान 51.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया । अधिकारियों का कहना है कि जलवायु परिवर्तन की वजह से मक्का के मौसम में बदलाव दिख रहा है। मक्का में हर 10 साल में औसत तापमान 0.4 डिग्री सेल्सियस बढ़ रहा है।***



***रियादः*** *दुनियाभर से हज करने के लिए सऊदी अरब गए मुसलमानों के लिए इस साल तेज गर्मी बड़ी चुनौती बनी है। गर्मी के चलते सऊदी अरब के मक्का में हज के लिए पहुंचे 550 यात्रियों की मौत अब तक हो चुकी है। वहीं हजारों की संख्या में हाजियों को गर्मी की वजह से हुई बीमारियों का सामना करना पड़ा है। सऊदी अरब में पड़ रही भीषण गर्मी ने तमाम इंतजाम के बावजूद पिछले साल भी 240 हज यात्रियों की जान ली थी। इस साल ये संख्या और ज्यादा हो गई है, इस वर्ष हुई मौतों में 323 नागरिक मिस्र और 60 जॉर्डन के हैं। इसके अलावा ईरान, इंडोनेशिया और सेनेगल के तीर्थयात्रियों की भी मौतें हुई हैं। सऊदी में जिस तरह से तापमान में वृद्धि हो रही, उसे देखते हुए ये कहा जा रहा है कि आने वाले वर्षों में हज यात्रा बहुत मुश्किल साबित हो सकती है।*

*इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, सऊदी स्टेट टीवी ने बताया है कि सोमवार को मक्का में ग्रैंड मस्जिद की शेड में तापमान 51.8 डिग्री सेल्सियस (125.2 फारेनहाइट) दर्ज किया गया। भीषण गर्मी में हाजियों को खुद को स्वस्थ रखना चुनौती बन रहा है। ये चुनौती आने वाले वर्षों में और ज्यादा बढ़ सकती है। जर्नल ऑफ ट्रैवल एंड मेडिसिन के 2024 की एक रिसर्च के अनुसार गर्मी से निपटने की जो रणनीति दुनियाभर में बन रही हैं, बढ़ता वैश्विक तापमान उन रणनीतियों से आगे निकल सकता है। इसका सीधा असर सऊदी जैसे गर्म देश पर होगा। हाजियों पर गर्मी के चलते बढ़ेगा संकट*

*जियोफिजिकल रिसर्च लेटर्स के 2019 के एक अध्ययन में कहा गया है कि जलवायु परिवर्तन के कारण शुष्क सऊदी अरब में तापमान बढ़ने से हज करने वाले तीर्थयात्रियों को अत्यधिक खतरे का सामना करना पड़ेगा। इस साल जिस तरह से अत्यधिक गर्मी के कारण मौते हुई हैं और सऊदी अस्पतालों में भीड़ बढ़ी है। उसे देखते हुए ये दावा भी कुछ एक्सपर्ट कर रहे हैं कि कम से कम बुजुर्गों के लिए आने वाले वर्षों में हज करना असंभव की तरह हो जाएगा।*

*मक्का में लू से जान गंवाने वाले हजयात्रियों की सड़कों पर दिखीं लाशें, दुनिया ने घेरा*

*हज का इस्लाम धर्म में काफी महत्व है और हर साल लाखों मुसलमान धार्मिक अनुष्ठान करने के लिए मक्का जाते हैं। इस साल गर्मी ने तीर्थयात्रियों के लिए मुश्किल बढ़ा दी है। 50 को छू रहा पारा खासतौर से बुजुर्गों के लिए मुश्किल पैदा कर रहा है। सऊदी अफसरों ने सभी हाजियों को छाते इस्तेमाल करने की सलाह दी है। इसके अलावा उन्हें लगातार पानी पीने और धूप से बचने के लिए कहा जा रहा है। इस सबके बावजूद बड़ी संख्या में हाजी हज की रस्मों के दौरान बीमार पड़ रहे हैं। हज के रास्ते पर इस साल साल लगातार एंबुलेंस का जमावड़ा देखा जा रहा है और अस्पतालों में इमरजेंसी जैसी स्थिति है।*

# में सभी जानते हैं ये तरीका, फिर भी नहीं करते लोग






**बैठने का सही तरीका** आजकल दर्द, अकड़न, मांसपेशी असंतुलन की समस्या बढ़ गई है। जिसके पीछे शरीर का गलत पोस्चर जिम्मेदार हो सकता है। लोगों ने बैठने का तरीका भी बदल दिया है। पहले के जमाने में लोग जमीन पर पालथी मारकर बैठते थे। यह पोस्चर सुधारने के साथ कई सारी बीमारियों से भी छुटकारा दिलाता है। आइए इसके फायदों के बारे में जानते हैं।

**योगासन है पालथी मारकर बैठना** बैठने के जिस तरीके को पालथी मारना कहते हैं। दरअसल वो एक योगासन है। इसका नाम सुखासन है, जिसे पैर क्रॉस करके बैठना भी कहते हैं। यह गंदे कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद कर सकता है।

**हाई कोलेस्ट्रॉल** इंटरनेशनल जर्नल ऑफ ऑर्थोपेडिक साइंस पर छपे शोध में सुखासन का प्रभाव देखा। इसके मुताबिक सुखासन में मेडिटेशन करने से कोलेस्ट्रॉल लेवल को कंट्रोल करने में मदद मिलती है।

**दिल की बीमारी** इस पोस्चर में बैठने से कार्डियो मेटाबॉलिक फंक्शन सुधरता है। यह ब्लड प्रेशर को मैनेज रखने में भी मदद करता है। जिससे आप दिल की बीमारियों से बचने लगते हैं।

**बेली फैट** यह फायदा काफी दिलचस्प है। पालथी मारकर बैठकर अगर आप खाना खाते हैं तो यह आपके मेटाबॉलिज्म को बढ़ा सकता है। इससे फैट जल्दी बर्न होता है और मोटापा कम होता है।

**टेंशन** टेंशन व स्ट्रेस कई सारी मेंटल प्रॉब्लम्स के लिए जिम्मेदार हैं। अगर आप सुखासन में बैठकर डीप ब्रीदिंग करते हैं तो दिमाग में ऑक्सीजन का लेवल आराम से सुधरता है। इससे ब्रेन फंक्शन को सुधारने में मदद मिलती है।

**कमर दर्द** सुखासन से निचली कमर दर्द से बचा जा सकता है। यह पीठ और कमर की मसल्स को सपोर्ट देता है। इन्हें मजबूत बनाने में भी मदद करता है। शरीर में बेहतर ब्लड सर्कुलेशन होता है। जिससे मसल्स को पूरा पोषण मिलता है।

**गलती से भी ऐसे कुल्ला न करें** जर्नल ऑफ मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी में छपी एक नई स्टडी ने लिस्ट्रीन माउथवॉश के इस्तेमाल से जुड़े कुछ खतरों के बारे में आगाह किया है। स्टडी के मुताबिक, लिस्ट्रीन के इस्तेमाल से कैंसर का खतरा बढ़ सकता है।

**मुंह में बढ़ जाती है बैक्टीरिया की संख्या** शोधकर्ताओं ने पाया कि इसके इस्तेमाल से मुंह में पाए जाने वाले कुछ सामान्य बैक्टीरिया की संख्या बढ़ जाती है। ये बैक्टीरिया पीरियडोंटल डिजीज, एसोफेगल और कोलोरेक्टल कैंसर, और दूसरी बीमारियों से जुड़े होते हैं।

**एक नहीं, कई बीमारियों का खतरा** मसूड़ों की बीमारी, जिसमें मसूड़ों में सूजन और इन्फेक्शन होता है, मुंह, एसोफेगस, अग्न्याशय और कोलोरेक्टल कैंसर जैसी बीमारियों के खतरे को बढ़ाती है।

**शरीर में सूजन बढ़ने का जोखिम** पीरियडोंटल बीमारी के लिए जिम्मेदार बैक्टीरिया, फ्यूसोबैक्टीरियम न्युक्लिएटम, खून में मिलकर शरीर के दूसरे हिस्सों में फैल सकते हैं। इससे शरीर में सूजन और कैंसर का खतरा बढ़ सकता है।

**कोलोरेक्टल कैंसर का भी रिस्क** एफ. न्युक्लिएटम पीरियडोंटल डिजीज में अहम भूमिका निभाता है और इसे कोलोरेक्टल कैंसर से भी जोड़ा गया है। ऐसा इसलिए क्योंकि ये बैक्टीरिया सूजन और ट्यूमर के विकास को बढ़ावा देता है।

**मुंह की सफाई रखना जरूरी** अक्सर देखा गया है कि जो लोग अपने मुंह की सफाई का ध्यान नहीं रखते, वे सिगरेट पीना और ज्यादा शराब पीना जैसी बुरी आदतों के शिकार होते हैं। ये दोनों ही आदतें मुंह, गले और एसोफेगस के कैंसर सहित कई तरह के कैंसर के लिए जिम्मेदार होती हैं।

**ऐसे करें मुंह की सफाई** नियमित रूप से ब्रश करना, फ्लॉसिंग करना और डेंटिस्ट से चेकअप कराना हमारे मुंह के स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करता है। इससे सूजन और बैक्टीरिया की संख्या को कम करने में मदद मिलती है, जिससे कैंसर का खतरा कम हो सकता है।




# मिल गया खुश रहने का सबसे शानदार और आसान तरीका, आपको बोलना होगा सिर्फ एक शब्द

***जिंदगी में हर कोई खुश रहना चाहता है, हैप्पी लाइफ के लिए खूब सारा पैसा, अच्छे दोस्त, लविंग फैमिली या फिर टूटकर प्यार करने वाला रोमांटिक पार्टनर की चाहत रखता है। जिंदगी में इनमें से हर एक चीज की अपनी अहमियत है, लेकिन इनके अलावा एक शब्द भी है जो आपको खुश रख सकता है।***



आपने अक्सर सुना होगा कि एक अमीर इंसान भी खुश नहीं रहता, अच्छी फैमिली और रोमांटिक पार्टनर की मौजूदगी में भी लाइफ अधूरी लगती है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल मन में यही आता है कि आखिर खुशियों की चाबी क्या है?, जिसका जवाब जानने के लिए अमेरिका की हार्वर्ड यूनिवर्सिटी ने एक स्टडी की। कहा जाता है कि 100 साल पहले शुरू हुई इस स्टडी में करीब 10 हजार से ज्यादा परिवारों से सवाल-जवाब किए गए। और, आखिरी में यही पता चला कि प्यार और ग्रैटिट्यूड ही हैप्पी रहने की वजह है। यानी कि शुक्रिया कहने की कला के साथ ही शुक्रगुजार होने का हुनर ही आपको खुश रख सकता है। वो कैसे चलिए आपको बताते हैं इसके बारे में।

**क्या है ग्रैटिट्यूड ?** हार्वर्ड की सबसे लंबी हैप्पीनेस के प्रमुख शोधकर्माओं में से एक प्रोफेसर डॉ. रॉबर्ट वेल्डिंगर कहते हैं कि जब कोई व्यक्ति हमारी खुशियों की वजह बने तो उसकी अच्छाई को अक्सेप्ट करते हुए प्यार भरे बोल बोलना ही ग्रैटिट्यूड कहलाता है।

थैंक्यू शब्द यूं तो सुनने में बहुत ही सिंपल सा लगता है लेकिन इसका असर बहुत ही गहरा होता है। हर अच्छी बात के लिए शुक्रिया कहना, ग्रैटिट्यूड जाहिर करना फिजिकल और मेंटल वेलबीइंग की बुनियाद भी है।

**थैंक्यू से खुले खुशियों के दरवाजे**

इस रिसर्च में प्रतिभागियों को शुक्रिया अदा करते हुए एक चिट्ठी लिखने को कहा गया। 'थैंक यू नोट' उन्हें अपने किसी करीबी शख्स को लिखना था, जिसकी वजह से उनकी लाइफ में कुछ बेहतर हुआ हो। इसमें पाया गया कि शुक्रिया खत लिखते हुए और उसे अपने करीबी शख्स को सुनाते हुए प्रतिभागियों की खुशी में तेजी से इजाफा हुआ। ऐसे में शुक्रिया कहने का सीधा कनेक्शन खुशी से हुआ। इतना ही नहीं प्रतिभागियों का स्ट्रेस हॉर्मोन कोर्टिसोल का लेवल 23% तक कम हुआ।

**शुक्रिया कहने के फायदे** थैंक्यू बोलने से कहने और सुनने वाले दोनों को ही फायदा होता है। जब किसी शख्स की कोई बात अच्छी लगे या उसने हमारे लिए कुछ अच्छा किया तो शुक्रिया कहने से हमें अंदर से खुशी महसूस होती है। साथ ही सुनने वाले के मन में भी पॉजिटिव इफेक्ट पैदा होता है। इसके अलावा उस इंसान के साथ रिश्ते भी अच्छे होते हैं।

**मन ही मन थैंक्यू कहना भी असरदार**

वैसे रिसर्च यह भी कहती है कि अगर मन-ही-मन किसी का शुक्रिया अदा करें तो उसका भी फायदा हमारी वेलबीइंग को होता है। जैसे कि, किसी दिन दफ्तर से लौटकर सोचा कि आज किस कलीग ने आपके साथ अच्छा व्यवहार किया, फिर मन-ही-मन आपने इसके लिए उसे शुक्रिया कहा। वहीं संभव हो तो डायरी में एक 'थैंक यू नोट' भी लिखें। इतना करने से भी इंसान के अंदर हैप्पी हॉर्मोन रिलीज होने लगता है।

**इन तरह भी जाहिर कर सकते ग्रैटिट्यूड**

ग्रैटिट्यूड जाहिर करे के लिए जरूरी नहीं कि आप सिर्फ थैंक्यू ही बोले बल्कि कुछ शब्दों से तारीफ भी कर सकते हैं। जैसे कि आपका मन बहुत सुंदर है, मैं खुशकिस्मत हूं कि आप मेरी जिंदगी में है और आपसे मिलकर बात करके सुकून महसूसू हुआ इसके अलावा आप जैसे लोगों के होने से यह दुनिया सुंदर है आदि।

# आखिर क्या करके मानेंगी अंबानी परिवार की छोटी बहुरानी, अब हील्स में ही लगाकर आ गईं 12 हजार क्रिस्टल



*राधिका मर्चेंट किसी फैशनिस्टा के कम नहीं हैं। जब से हसीना के दूसरे प्री-वेडिंग फंक्शन से लुक्स सामने आ रहे हैं, हर कोई उनकी खूबसूरती का कायल हो गया है। कभी वह राजकुमारी की तरह सज धजकर सबके होश उड़ा गईं, तो कभी कैजुअल लुक में ही उनकी अदाएं बाकी सब पर भारी पड़ गईं। अब इस ब्राइड टू बी का नया लुक सामने आया है। जिसमें अनंत अंबानी की बाहों में वह किसी परियों की कहानी का हसीन किरदार लग रही हैं।*

*अंबानी परिवार की छोटी बहुरानी इस वाइट गाउन में बला की खूबसूरत दिख रही हैं। वहीं, उनकी ड्रेस के तो क्या ही कहने, वह इतनी प्यारी है कि राधिका की खूबसूरती में भी चार चांद लग गए हैं। यही नहीं उनकी हील्स की कीमत जानकर तो आपके होश ही उड़ जाएंगे। (फोटो साभारः इंस्टाग्राम @rheakapoor)*



***अनंत का हाथ थामे आईं नजर***

*राधिका यहां अनंत का हाथ थामे हुए एकदम ड्रीमी आउटफिट में नजर आ रही हैं। जिसे लीवर कॉउचर ने डिजाइन किया है। इस शीयर ड्रेस का फैब्रिक देखने में ही काफी शाइनी और प्यारा लग रहा है। जिसमें उन्हें रिया कपूर ने स्टाइल किया है। वहीं, अनंत ब्लैक शर्ट और ब्लेजर में नजर आ रही हैं। जिसमें ब्लेजर पर हुआ मिरर वर्क काफी क्लासी लग रहा है।*

***गाउन में बेहद हसीन लगीं राधिका*** *राधिका के इस बॉडी हगिंग गाउन को नी लेंथ तक का बनाया गया है और पीछे इसमें खूबसूरत सी ट्रेल दी गई। जिसमें फ्रंट पर वी नेकलाइन दी गई और बैक में इसे डीप किया है। जिससे इसका ग्लैमर कोशेंट बढ़ रहा है। वहीं, इसकी स्लीव्स को पफी स्टाइल में इस तरह से बनाया है कि ये इसमें खूब ड्रामा ऐड कर रही हैं। लेकिन, सबसे ज्यादा हाइलाइट राधिका का श्रग हो रहा है। जिसे एकदम सॉफ्ट शाइनी फर से बनाया है।*



***ये एक्सेसरीज की स्टाइल*** *राधिका ने अपने इस लुक को खास बनाने के लिए डायमंड जूलरी स्टाइल की। उन्होंने वरुणा डी जानी द्वारा डिजाइन किया गया ईयर कफ पहना। जिसके सामने किसी और जूलरी की कमी नहीं खली। ऐसे में राधिका ने कोई नेकपीस न पहनते हुए रिंग्स स्टाइल किए। वह एक हाथ में पत्तियों के डिजाइन वाली रिंग्स पहने दिखीं, तो दूसरे में उन्होंने ब्रेसलेट पहने। वहीं, सिल्वर शाइनी हिल्स के साथ उन्होंने अपना लुक पूरा किया, जो बेहद ही खास थी।*

***9 तरीके से हील्स पर लगाए गए क्रिस्टल***

*अब राधिका की ड्रेस तो कमाल की है ही, लेकिन हमारा ध्यान उनकी हील्स ने अपनी ओर खींच लिया। जिसमें वह 12 हजार क्रिस्टल लगाकर आई थीं। Jimmy Choo की इन हील्स पर क्रिस्टल को 9 तरह से लगाया गया है। यही नहीं इन क्रिस्टल को इतने बेहतरीन ढंग से लगाया है कि हर कदम पर ये शाइन करते हैं। वहीं, फ्रंट पर हुआ पॉइंटिड हार्ट शेप वाला डिजाइन भी कमाल का लग रहा है। इन हील्स की कीमत इंटरनेट पर 3.76 लाख रुपये है।*

***फ्लॉलेस लगा मेकअप और हेयर स्टाइल***

*अब अगर राधिका के मेकअप की बात करें तो उन्हें लवलीन रामचंदानी ने तैयार किया और ग्लॉसी टच दिया। वहीं, हिरल भाटिया ने हसीना का हेयर स्टाइल बनाया, जो उनके आउटफिट के साथ जच रहा था। दरअसल, राधिका का फ्रंट से स्लिक बन बनाकर फिर उसे बैक में स्टाइलिश टच दिया गया, जो काफी क्लासी लग रहा था।*

# सेल्फी के साथ #Melodi के स्टाइल के भी हो रहे खूब चर्चे, इटली की PM जियोर्जिया मेलोनी के अंदाज ने जीत लिया दिल



भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और इटली की प्राइम मिनिस्टर जॉर्जिया मेलोनी की तस्वीरें हमेशा ही सुर्खियां बटोर लेती हैं। G-7 शिखर सम्मेलन में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिला, दोनों नेताओं का खास अंदाज हर किसी को भा गया। PM मोदी और मेलोनी के स्टाइल के साथ ही उनके आउटफिट भी कमाल के थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी7 सम्मेलन में हिस्सा लेने के बाद भले ही वापस लौट आए, लेकिन उनके दौरे की चर्चा अभी-भी हो रही है। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के साथ PM मोदी की मुलाकात की तस्वीरें अब तक वायरल हो रही हैं। दोनों नेताओं की सेल्फी के साथ ही मेलोनी के खूबसूरत अंदाज की भी चर्चा है। इतना ही नहीं उन्होंने PM मोदी के साथ एक वीडियो शेयर करके एक बार फिर Melodi की याद दिलाई है। वैसे इटली की PM जॉर्जिया मेलोनी अपने काम के साथ ही बेहतरीन फैशन सेंस, ब्यूटी और फिटनेस को लेकर भी लाइमलाइट में बनी रहती हैं। जॉर्जिया का ड्रेसिंग सेंस कमाल का है, जिसका उदाहरण G-7 समिट में देखने को मिला। ऑफिशियल आउटफिट में उनका स्टनिंग लुक वाकई तारीफ के काबिल रहा है। जॉर्जिया मेलोनी की मेजबानी 50वां G-7 शिखर सम्मेलन का आयोजन इस बार इटली में हुआ। जिसमें ग्रुप के मेंबर के साथ ही भारत की तरह अन्य देशों के नेता भी शामिल हुए। अब मेजबान देश होने के नाते प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी सबसे ज्यादा सुर्खियों में रहीं। उन्होंने इस समिट के लिए वेस्टर्न मिक्स ऑफिशियल आउटफिट पहना था।

# सद्गुरु ने मां-बाप को बताया नासमझ, कहा खुद बच्चों से सीख लें ये चीजें, खूब नाम कमाएंगे

***सद्गुरु ने कहा कि मां-बाप को बच्चों को बड़ा करने की जरूरत नहीं है बल्कि उन्हें पहले खुद बड़े होने पर ध्यान देना चाहिए। जानिए सद्गुरु ने मां-बाप को क्या सीख दी है।***



*बच्चों की परवरिश को लेकर सद्गुरु कई अच्छी और कारगर सलाह देते रहते हैं। अपने एक प्रवचन में बच्चों को पालने को लेकर सद्गुरु ने कहा कि 'बच्चों को बड़ा करने जैसी कोई चीज नहीं है। अगर बच्चों की जगह आप खुद को बड़ा कर पाए, तो वो ज्यादा अच्छा रहेगा। बच्चों का बड़ा करना एक मूर्खतापूर्ण विचार है। दरअसल, मां-बाप को खुद बड़ा होने की जरूरत है।' इसके साथ ही सद्गुरु ने कुछ ऐसी बातों के बारे में भी बताया जो पेरेंट्स को अपने बच्चों से सीखनी चाहिए या जो पेरेंट्स अपने बच्चों से सीख सकते हैं। इस आर्टिकल में आपको इन्हीं चीजों के बारे में बताया गया है।*

***थोड़ा कम सीरियस रहें***

*सद्गुरु ने कहा कि बड़े या वयस्क लोग हर बात को सीरियसली लेते हैं और अक्सर टेंशन में रहते हैं। उन्हें बच्चों की तरह फ्री रहना चाहिए और ज्यादा सोचने से बचना चाहिए। यही मतलब है कि आपको बच्चों को बड़ा करने के बजाय खुद को बड़ा करने पर ध्यान देना चाहिए।*

***बच्चे को आदर्श मानें***

*आप अपने बच्चे को अपना रोल मॉडल मानें न कि उसके सामने खुद को एक रोल मॉडल समझें। ऐसा करने से हर चीज ठीक होने लगेगी। जब आप एक बच्चे की तरह महसूस करना शुरू कर देंगे, तब आप खुद खुश रहेंगे। खुश रहने के लिए बच्चों की तरह जीवन जीना जरूरी है।*

***बच्चों को बनाएं सलाहकार***

*सद्गुरु का कहना है कि अगर बड़ों और बच्चों की बात करें, तो उनमें बच्चे ज्यादा खुश होते हैं इसलिए पेरेंट्स को अपने बच्चों को अपना सलाहकार बनाना चाहिए। अगर आप एक ऐसे मनुष्य हैं, जो अपने बच्चे से ज्यादा खुश हैं, तो स्वाभाविक रूप से बच्चा आपको अपना आदर्श मानने लगेगा।*

***माफ कर देना*** *toddleabout वेबसाइट में प्रकाशित एक आर्टिकल में लिखा है कि बच्चे आसानी से माफ कर देते हैं और बातों को भूल जाते हैं। वयस्कों और पेरेंट्स को भी ऐसा ही करना चाहिए। आप बुरी यादों और बातों को दिल से लगाकर न रखें क्योंकि ये आपको ही तकलीफ पहुंचाती हैं। आप अपने बच्चे से माफ करने का गुण सीख सकते हैं।*

***ईमानदार रहना*** *बच्चों से एक और चीज सीख सकते हैं और वो है ईमानदारी। बच्चे सच बोलने या अपने मन की बात कहने से डरते नहीं है और उनमें कोई फिल्टर नहीं होता है। आपको भी अपने बच्चे से यह गुर सीखना चाहिए। इससे आपकी जिंदगी काफी आसान हो जाएगी। जब आपका बच्चा आपको एक ईमानदार शख्स के रूप में देखेगा, तो वो अपने आप ही आपको अपना रोल मॉडल बना लेगा। इससे आपको भी फायदा होगा और बच्चे की जिंदगी को भी सही दिशा मिल पाएगी।*

# सद्गुरु ने मां-बाप को बताया नासमझ, कहा खुद बच्चों से सीख लें ये चीजें, खूब नाम कमाएंगे

*इन दिनों सभी जगह अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी की सेकंड प्री-वेडिंग के दौरान की तस्वीरें छाई हुई हैं। इनमें भी राधिका के लुक्स तो आग की तरह फैले जा रहे हैं। लेकिन अब अंबानी खानदान की बड़ी बहू श्लोका मेहता की बहन की पिक्स सामने आई हैं, जिनके आगे तो राधिका का लुक भी आपको फीका लग जाएगा।*




*आजकल हर दूसरे दिन अगर किसी चीज की सबसे ज्यादा चर्चा हो रही है, तो वो मुकेश अंबानी और नीता अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी की अपकमिंग वेडिंग है। जुलाई में होने वाली शादी से पहले के फंक्शन्स से जुड़े फोटोज और वीडियोज सोशल मीडिया पर जमकर तहलका मचा रहे हैं। जामनगर में पहली लैविश प्री-वेडिंग पार्टी देखने के बाद सेकंड पार्टी से सामने आ रहे सभी के लुक्स लोगों के बीच में चर्चा का विषय बने हुए हैं। खासतौर से अंबानी फैमिली और मर्चेंट परिवार की अपीयरेंस, जिसमें भर-भरकर रईसी की झलक देखने को मिली। हालांकि, इस बीच श्लोका अंबानी की छोटी बहन ने ऐसे फोटो शेयर कर डाले हैं, जिनमें उनका हुस्न तो अंबानी की होने वाली छोटी बहू यानी राधिका मर्चेंट तक पर भारी पड़ता लग रहा है। फ्रांस के कैन में हुई बॉल पार्टी के दौरान की पिक्स में दीया मेहता जो कपड़े पहनी दिखाई दे रही हैं, उन्हें देखने के बाद आप भी अपने आपको तारीफ करने से रोक न सकेंगे। (फोटो साभारः इंस्टाग्राम@ dmjatia, loveleen_makeupandhair, shaleenanathani)*

*ब्राइड जैसा वाइट अटायर किया पिक*

*सेकंड प्री-वेडिंग पार्टी के दौरान एक आयोजन कैन में भी हुआ था। इसके लिए सभी महिलाओं के लिए बॉल अटायर की थीम तय की गई थी। ब्राइड-टू-बी राधिका ने लग्जरी ब्रैंड वर्साचे का कस्टम रेडी ऑफ शोल्डर गाउन पहना था, जिसे ब्लू एंड सिल्वर कॉम्बिनेशन का रखा गया था। वहीं दूसरी ओर मेहमान बनकर पहुंचीं श्लोका की बहन दीया ने अपने लिए ब्राइड जैसा वाइट स्कर्ट सेट पिक किया था।* ***स्कर्ट में लगा कट, जुड़ा टीजिंग इफेक्ट*** *दीया के टू-पीस सेट में नीचे की स्कर्ट में जबरदस्त वॉल्यूम दी गई थी, जो उसे बॉल के लिए परफेक्ट बना रही थी। इसके बेल्ट के हिस्से को अपर वेस्ट पर रखा गया था, जिसने श्लोका की बहन की स्लिम वेस्ट को जमकर फ्लॉन्ट किया। स्कर्ट में पीछे की ओर कट-आउट डीटेल डाली गई थी, जो टीजिंग इफेक्ट जोड़ने में कामयाब रही। स्कर्ट के साथ ऊपर मैचिंग कलर का स्पगैटी स्लीव्स बस्टियर था। इसमें फ्रंट पर काउल स्टाइल की नेकलाइन डाली गई और साथ में लो-कट डिजाइन को पेयर किया गया था। साथ ही बस्ट पोर्शन पर माइक्रो प्लीट्स भी एडिड नजर आ रही थीं। फ्रंट से बस्टियर के नीचे के पोर्शन को लाइट यू-कट का रखा गया था, वहीं पीछे से इसे नॉर्मल ब्रा स्टाइल दिया गया। ये स्कर्ट-टॉप का पेयर ओवरऑल काफी ज्यादा एलिगेंट एंड ब्यूटीफुल लग रहा था।*

# IPL 2024: कौन है वो? इस खूबसूरत लड़की पर इंटरनेट हुआ फिदा, हूबहू इस हॉलीवुड स्टार की तरह दिखती है!

**हाल ही में अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच इस सीजन की पहली भिड़ंत हुई थी। यह मैच पूरी तरह से एकतरफा रहा था। डीसी ने जीटी को 6 विकेच से धूल चटाई थी।**

एजेंसी

IPL 2024: कौन है वो? इस खूबसूरत लड़की पर इंटरनेट हुआ फिदा, हूबहू इस हॉलीवुड स्टार की तरह दिखती है ! गुजरातः दिल्ली कैपिटल्स ने बुधवार रात, 17 अप्रैल को गुजरात टाइटंस को उन्हीं के घर में घुसकर एकतरफा मैच हराया। इस मुकाबले में डीसी ने गुजरात को सिर्फ 90 रन पर ऑल आउट कर दिया था और 6 विकेट से मैच जीत भी अपने नाम कर लिया। हालांकि इस मैच से ज्यादा स्टैंड्स में बैठी उस लड़की की ज्यादा बात हो रही है। जो स्पेनिश एक्ट्रेस और मॉडल आना दे अर्मास में मिलती हुई नजर आई। क्या स्पेनिश मॉडल आना दे अरमास देखने आई थी गुजरात का मैच? दरअसल, गुजरात और दिल्ली के मैच की एक वीडियो वायरल हो रही है, जिसमें स्टैंड में एक लड़की बैठी हुई है जो बिल्कुल





स्टार स्पेनिश एक्ट्रेस आना दे अर्मास में मिल रही है। क्या सच में यह वही एक्ट्रेस है? जी नहीं, ऐसा बिल्कुल नहीं है। यह स्पेनिश एक्ट्रेस से काफी ज्यादा मेल खाती कोई दूसरी लड़की है। हालांकि यह आना में काफी ज्यादा मिलती हैं।

कौन हैं आना दे अर्मास? आना दे अर्मास क्यूबा और स्पेन की एक एक्ट्रेस हैं। उन्होंने अपने फिल्मी सफर की शुरुआत क्यूबा में रोमांटिक फिल्म 'ऊना रोजा डे फ्रांसिया' में मुख्य भूमिका से की थी। 18 साल की उम्र में, वह स्पेन के मैड्रिड शहर में रहने चली गईं और वहां 2007 से 2010 तक छह सीजन तक लोकप्रिय सीरीज 'एल इन्टेरनाडो' में बतौर एक्टर काम किया। आना के पूरी दुनिया भर में फैन फॉलोविंग है। उनके चाहने वाले हर जगह मौजूद हैं। एक्ट्रेस के सोशल मीडिया के सबसे चर्चित प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर 13.6 मिलियन फॉलोवर हैं। स्पेनिश एक्ट्रेस और मॉडल आना काफी ज्यादा हॉट हैं। वह अपनी तस्वीरों से सोशल मीडिया का पारा अक्सर हाई रखती हैं।

# दिल्ली लगाएगी जीत की हैट्रिक या हैदराबाद जारी रखेगी अपनी तबाही? जानें किन 11 के साथ उतर सकती है टीमें

**दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच आईपीएल 2024 का रोमांचक मैच 20 अप्रैल को खेला जाएगा। आइये जानते हैं इस मैच में दोनों टीमें किस प्लेइंग 11 से उतर सकती है।**

नई दिल्लीः





ऋषभ पंत की कप्तानी में दिल्ली कैपिटल्स खराब शुरुआत के बाद अब वापसी कर रही है और उनका मुकाबला आईपीएल के 35वें मैच में शानदार प्रदर्शन कर रही सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। यह मैच दिल्ली के अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। हैदराबाद की टीम ने अपने 6 मैचों में से 4 में जीत हासिल की है और वो इस वक्त अंक तालिका में चौथे नंबर पर हैं। वहीं दिल्ली की टीम ने लगातार दो जीत हासिल की हैं और वो पॉइंट्स टेबल में छठे स्थान पर हैं। दोनों टीमें अब तक 23 बार आमने-सामने हुई हैं, जिसमें से हैदराबाद ने 12 और दिल्ली ने 11 मैच जीते हैं। दोनों ही टीमें अभी अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। लेकिन दिल्ली में किसी एक टीम का विजयरथ रुकना तय है। तो आइये जानते हैं कि इस मैच में दिल्ली और हैदराबाद किन 11 के साथ उतर सकती है। **किन 11 के साथ उतरेगी दिल्ली कैपिटल्स** पिछले दो मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने शानदार कमबैक किया है और लखनऊ-गुजरात को उन्हीं के घर में जाकर हराया है। ऐसे में कैपिटल्स अपने विनिंग कॉम्बिनेशन को ज्यादा छेड़ना नहीं चाहेगी। हां, हो सकता है कि अगर डेविड वॉर्नर अपनी उंगली की इंजरी से रिकवर हो गए होंगे तो वह जरूर खेलते हुए नजर आएंगे। इसके अलावा डीसी का अपनी प्लेइंग 11 में बदलाव करना मुश्किल लग रहा है। दिल्ली कैपिटल्स संभावित 11- पृथ्वी शॉ, डेविड वॉर्नर/सुमित कुमार, जैक फ्रेसर मैक्गर्क, शे होप, ऋषभ पंत, ट्रिस्टन स्टब्स, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, ईशांत शर्मा और खलील अहमद।

IPL 2024 GT vs DC: दिल्ली कैपिटल्स की रिकॉर्ड जीत, गुजरात ने अपने घर में किया सरेंडर सनराइजर्स हैदराबाद की गाड़ी भी इस वक्त आईपीएल में पूरी रफ्तार से भाग रही है। वह हर टीम को तबाह करते हुए दिल्ली पहुंचे हैं। पैट कमिंस की कप्तानी वाली सनराइजर्स हैदराबाद अपने लगातार 3 पिछले मैच जीतकर दिल्ली पहुंची है। वहीं पिछले मुकाबले में तो उन्होंने आरसीबी को उनके घर में घुसकर रिकॉर्ड तोड़ 287 रन बनाकर हराया था। ऐसे में कही न कही दिल्ली के गेंदबाजों को हैदराबाद के बल्लेबाजों को लेकर टेंशन हो सकती है। हालांकि दिल्ली के गेंदबाज भी इस वक्त गजब फॉर्म में है।

# दिल्ली में आएगा चौके-छक्कों का 'सैलाब' या गेंदबाजों के नाम रहेगी शाम?

**आईपीएल 2024 का कारवां आखिरकार देश की राजधानी दिल्ली भी पहुंच गया है। 20 अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स अपना पहला गेम दिल्ली में खेलने वाली है।**




नई दिल्लीः

इंडियन प्रीमियर लीग 2024 का 35वां मैच दिल्ली कैपिटल्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच 20 अप्रैल की रात को दिल्ली के अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। दिल्ली कैपिटल्स इस सीजन पहली बार अपने होमग्राउंड में मैच खेलने वाली है। इससे पहले डीसी ने अपने दो घरेलू मुकाबले विशाखापत्तनम में खेले थे। होम टीम लगातार दो मैच जीतकर भी आ रही है। वह हैदराबाद के खिलाफ अब जीत की हैट्रिक लगाने के लिए उतरेंगे। वहीं दूसरी ओर हैदराबाद इस वक्त प्रचंड फॉर्म में चल रही है। वह हर टीम को बेरहमी से हरा रहे हैं। हैदराबाद लगातार 3 मैच जीतकर दिल्ली पहुंची है। दोनों में से किसी एक टीम का विजयरथ रुकना तय है। तो आइये जानते हैं इस रोचक मैच में दिल्ली की पिच किस तरह से खेलने वाली है। **दिल्ली और हैदराबाद के मैच की पिच रिपोर्ट** दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम की पिच अक्सर धीमा खेलती है। यहां पर स्पिनर्स को काफी ज्यादा मदद मलती है। बल्लेबाज इस मैदान पर संघर्ष करते नजर आते हैं। वहीं तेज गेंदबाजों को भी थोड़ी सहायता मिलती है। हालांकि मैदान छोटा होने की वजह से यहां चौके-छक्के भी खूब लगते हैं। एक बार अगर बल्लेबाज सेट हो जाएं तो वह फिर आराम से यहां गेंदबाजों की पिटाई कर सकते हैं। आईपीएल के इतिहास में दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में कुल 85 मुकाबले खेले गए हैं। इसमें से 38 पहले बैटिंग करने वाली टीम तो 46 दूसरी बैटिंग करने वाली टीम ने जीते हैं जबकि एक मैच का कोई नतीजा नहीं निकला है। पहली पारी का औसत स्कोर इस मैदान पर 167 रन है जबकि दूसरी पारी का 152 रन है। दिल्ली कैपिटल्स- ऋषभ पंत (कप्तान), डेविड वॉर्नर, पृथ्वी शॉ, स्वासतिक चिकारा, यश धुल, अक्षर पटेल, जेक फ्रेसर मैक्गर्क, ललित यादव, सुमित कुमार, अभिषेक पोरेल, मिचेल मार्श, रिकी भुई, शे होप, ट्रिस्टन स्टब्स, एनरिख नॉर्खिया, ईशांत शर्मा, झे रिचर्ड्सन, खलील अहमद, कुलदीप यादव, लिजाड विलियम्स, मुकेश कुमार, प्रवीण दुबे, रसिख सलाम, विकी ओस्तवाल।

# टी-20 विश्व कप टीम में इन 10 प्लेयर्स की जगह है पूरी तरह पक्की, जानें बचे 5 खिलाड़ी कौन-कौन होंगे



**नई दिल्ली**। आईपीएल 2024 में शानदार प्रदर्शन करने वाले प्लेयर्स जहां टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए दावेदारी पेश कर रहे हैं तो खबरों की मानें तो 10 खिलाड़ी तय हो चुके हैं। बाकी बचे 5 स्पॉट के लिए प्लेयर्स की लंबी लिस्ट है और हर कोई टीम में एंट्री पाने के लिए सबकुछ दांव पर लगाने को तैयार है। टी-20 विश्व कप टीम में इन 10 प्लेयर्स की जगह है पूरी तरह पक्की, जानें बचे 5 खिलाड़ी कौन-कौन होंगे जब भारतीय सिलेक्टर्स आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के लिए 15 सदस्यीय टीम चुनने के लिए इस महीने के अंत में मीटिंग करेंगे तो उनके सामने बड़ी चुनौती होगी। रिपोर्ट्स की मानें तो टीम में 10 खिलाड़ियों की जगह पक्की हो गई है, जबकि 5 प्लेयर्स पर माथा-पच्ची करनी होगी। जाहिर है 10 प्लेयर्स में सभी बड़े नाम शामिल हैं। हैरान करने वाली बात यह है कि इस लिस्ट में रिंकू सिंह का नाम नहीं दिख रहा है।

आईपीएल 2024 में प्रदर्शन यह तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा कि खाली पांच स्थानों को कौन भरेगा, लेकिन अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति के लिए यह आसान काम नहीं होगा। इसका कारण बचे हुए स्थानों के लिए ढेर सारे दावेदार होना है। आइए देखते हैं उन 5 स्थानों पर कौन-कौन हो सकता है...

# दुबई बाढ़ में फंसे, जमीन पर सोने को मजबूर, अब दीपक पुनिया-सुजीत कलकल का टूट सकता है ओलिंपिक ड्रीम



**दुबई में फ्लड में फंसे रेसलर भारतीय रेसलर दीपक पुनिया और सुजीत कलकल का ओलिंपिक ड्रीम टूट सकता है। वे क्वॉलिफायर के लिए देरी से पहुंचे और आयोजकों ने उन्हें टूर्नामेंट में शामिल होने की अनुमति नहीं दी है।**

**नई दिल्लीः** तोक्यो ओलिंपिक में पदक से चूकने वाले दीपक पुनिया पेरिस ओलिंपिक में भारत की उम्मीदों में शामिल हैं। हालांकि, उनके ओलिंपिक ड्रीम को बड़ा झटका लगता दिख रहा है। दरअसल, एक रिपोर्ट की मानें तो उन्हें और साथी पहलवान सुजीत कलकल को शुक्रवार को एशियाई ओलिंपिक क्वॉलिफायर में भाग लेने की अनुमति नहीं दी गई। पता चला है कि मंगलवार से दुबई एयरपोर्ट पर फंसे ये दोनों पहलवान शुक्रवार सुबह 8 बजे के बाद मेजबान शहर बिश्केक पहुंचे। तब तक वजन मापने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी थी, जिसमें पहलवानों को अपना वजन दर्ज करना होता है और दिखाना होता है कि वे मानदंडों पर खरे उतरते हैं। जब भारतीय पहलवान पहुंचे तो आयोजकों ने उन्हें इसकी अनुमति देने से मना कर दिया। उन्होंने इस बारे में बताया कि दुबई में बाढ़ की वजह से ऐसा हुआ, लेकिन आयोजकों ने अभी तक कोई छूट नहीं दी। पुनिया और कलकल के पास अब पेरिस ओलिंपिक के लिए क्वॉलिफाइ करने का आखिरी मौका इसके बाद अगले महीने होने वाले विश्व क्वॉलिफायर होगा। पहलवान अपने कोच कमल मालिकोव और फिजियो शुभम गुप्ता के साथ मंगलवार से ही दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर फंसे हुए थे, क्योंकि भारी बारिश के कारण बाढ़ आ गई थी और सबकुछ ठप्प पड़ गया था। कलकल के पिता दयानंद ने गुरुवार को कहा था कि वह 'उनके स्वास्थ्य को लेकर चिंतित' हैं, क्योंकि वे हवाई अड्डे पर फर्श पर सो रहे हैं और उन्हें उचित भोजन भी नहीं मिल रहा है। भारत का क्वॉलिफिकेशन अभियान आज से शुरू होगा। इसमें पुरुष फ्रीस्टाइल मुकाबले बाद में खेले जाएंगे। पूनिया की अनुपस्थिति में 57 किग्रा वर्ग के युवा स्टार अमन सेहरावत पुरुष टीम की अगुआई करेंगे। विनेश फोगट सहित अन्य भारतीय पहलवान सीधे दिल्ली से बिश्केक के लिए रवाना हो गई हैं, जबकि पुनिया और कलकल अकेले ही यात्रा कर रहे थे। दोनों 2 से 15 अप्रैल तक रूस के दागेस्तान में प्रशिक्षण ले रहे थे। 16 अप्रैल को उन्होंने दुबई के रास्ते मकाचकाला से बिश्केक के लिए उड़ान भरी, जिसे WFI ने बुक किया था। हालांकि, दुबई एयरपोर्ट पर भारी बारिश के कारण परिचालन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। यूएई सरकार के अनुसार, देश में 75 साल में सबसे अधिक बारिश हुई है। मंगलवार को 259.5 मिमी बारिश हुई। बीबीसी के अनुसार, अब तक लगभग 300 उड़ानें रद्द कर दी गई हैं और सैकड़ों उड़ानें लेट हुईं।

**भारतीय कुश्ती टीम** पुरुष ग्रीको-रोमनः सुमित (60 किग्रा), आशु (67 किग्रा), विकास (77 किग्रा), सुनील (87 किग्रा), नितेश (97 किग्रा), नवीन (130 किग्रा) महिला फ्रीस्टाइलः विनेश फोगाट (50 किग्रा), अंशू मलिक (57 किग्रा), मानसी (62 किग्रा), निशा (68 किग्रा), रीतिका हुडा (76 किग्रा) पुरुष फ्रीस्टाइलः अमन सहरावत (57 किग्रा), सुजीत (65 किग्रा),

## भारत-पाकिस्तान के बीच होनी चाहिए टेस्ट सीरीज? कप्तान रोहित शर्मा का यह बयान आपको हिला देगा!





नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा का मानना है कि भारत और पाकिस्तान के बीच दोबारा टेस्ट सीरीज शुरू होने से टेस्ट क्रिकेट को बहुत बढ़ावा मिलेगा। भारत और पाकिस्तान करीब एक दशक से आपस में कोई द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेल पाया है, इसकी वजह राजनीतिक तनाव है। इसी कारण से जब ये दोनों टीमें किसी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में खेलती हैं तो उनका मुकाबला क्रिकेट फैंस के लिए इतना बड़ा होता है। 'क्लब प्रेरी फायर' पॉडकास्ट के एक एपिसोड में इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने रोहित से पूछा - 'क्या आपको नहीं लगता कि भारत का पाकिस्तान के साथ नियमित रूप से खेलना टेस्ट क्रिकेट के लिए शानदार होगा?' रोहित ने माइकल वॉन की बात का जवाब देते हुए कहा, 'मुझे पूरा विश्वास है कि पाकिस्तान एक अच्छी टीम है, उनकी गेंदबाजी लाइन-अप शानदार है, अगर हम पाकिस्तान में टेस्ट सीरीज खेलें तो बहुत अच्छा मुकाबला देखने को मिलेगा। आखिरी बार दोनों देशों के बीच टेस्ट सीरीज 2007-08 में हुई थी।' भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान ने आगे कहा, 'हां, मैं (पाकिस्तान के खिलाफ खेलना) पसंद करूंगा, यह दोनों टीमों के बीच एक शानदार मुकाबला होगा। हम उन्हें आईसीसी ट्रॉफी में तो खेलते ही हैं, मैं सिर्फ क्रिकेट की बात कर रहा हूं, बेहतरीन मुकाबला होता है, तो फिर क्यों नहीं?'। भारतीय टीम के अनुभवी ओपनर रोहित शर्मा ने 12 साल बाद आईपीएल में अपना दूसरा शतक जमाया। उन्होंने मुंबई के ऐतिहासिक वानखेड़े स्टेडियम में चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ 63 गेंद में 166 के स्ट्राइक रेट से नाबाद 105 रन बनाए।

# हार्दिक पंड्या को इस गलती के लिए नहीं बख्शा, मैच जीतने के तुरंत बाद बीसीसीआई ने लिया बड़ा एक्शन

**IPL 2024 Hardik Pandya Fined: मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पंजाब किंग्स की जीत की खुशी भी ढंग से नहीं मना सके थे कि उनपर बीसीसीआई ने बड़ा एक्शन लिया। हार्दिक पर 12 लाख का जुर्माना ठोका गया है।**

चंडीगढ़ः



आईपीएल 2024 के एक बड़े मुकाबले में मुंबई इंडियंस ने पंजाब किंग्स को हरा दिया। हालांकि, इस जीत की खुशी बहुत देर तक नहीं टिकी। कुछ ही देर बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने कप्तान हार्दिक पंड्या पर एक्शन लेते हुए जुर्माना ठोका है। यह जुर्माना पंजाब किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के मैच में आचार संहिता के उल्लंघन के लिए जुर्माना लगाया गया है। मुंबई फ्रेंचाइजी की कप्तानी कर रहे हार्दिक निर्धारित समय में 20 ओवर पूरे करने में विफल रहे, इसलिए उन पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर बीसीसीआई ने लिया एक्शन भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक बयान में इसकी पुष्टि की। यह पहला मामला है जब हार्दिक ओवर-रेट मानदंडों को पूरा करने में विफल रहे, इसलिए केवल 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। मैच के बाद बीसीसीआई ने बयान में कहा- मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर जुर्माना लगाया गया है क्योंकि उनकी टीम ने 18 अप्रैल को पीसीए न्यू इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, मुल्लांपुर में पंजाब किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के मैच के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखी।' **अगर फिर हुई गलती तो मुंबई के कप्तान सहित खिलाड़ियों पर होगा एक्शन** अगर यही गलती दोहराई गई तो हार्दिक और मुंबई इंडियंस के अन्य खिलाड़ी बड़ी मुसीबत में पड़ सकते हैं। बता दें कि पंजाब के खिलाफ इस जीत से मुंबई इंडियंस ने प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदें कायम रखी हैं। 193 रनों के विशाल स्कोर का पीछा करते हुए पीबीकेएस को वह शुरुआत नहीं मिली जो वे चाहते थे। सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन के सस्ते में निपटने के बाद किंग्स ने अपना दूसरा विकेट 13 के स्कोर पर खो दिया जब रोसोउ सिर्फ 1 रन बनाकर आउट हो गए और तीसरा विकेट 14 के स्कोर पर गिरा जब कप्तान सैम करन छह रन बनाकर पवेलियन वापस लौट गए। **आंखों पर गॉगल, बलखाते लंबे बाल... लोग धोनी-धोनी चिल्लाते रहे माही ने देखा तक नहीं** 14 के स्कोर पर पंजाब की टीम ने चौथा विकेट खो दिया, जब गेराल्ड कोएट्जी की गेंद पर लियाम लिविंगस्टोन सिर्फ 1 रन बनाकर आउट हो गए। चार विकेट गिरने के बाद हरप्रीत सिंह भाटिया क्रीज पर आए। भाटिया ने शशांक सिंह के साथ मिलकर 35 रनों की छोटी साझेदारी की और मेजबान टीम ने 49 के स्कोर पर अपनी आधी टीम खो दी। भाटिया 13 रन बनाकर आउट हो गए। पांचवां विकेट गिरने के बाद पीबीकेएस के विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा और शशांक ने मोर्चा संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने 28 रन जोड़े, लेकिन जितेश सिर्फ 9 रन बनाकर आउट हो गए।

# दिल्ली में आएगा चौके-छक्कों का 'सैलाब' या गेंदबाजों के नाम रहेगी



खबरें
ओलिंपिक
खेल
भारत
राज्य
लोकसभा 2024
IPL
बिजनेस
मनोरंजन
लाइफस्टाइल
धर्म
दुनिया
टेक
ऑटो
शिक्षा
Hindi NewsSportsOlympicsOlympics NewsMurali Sreeshankar Out Of Paris Olympics 2024 Due To Knee Injury

Paris Olympics 2024: भारत को लगा बड़ा झटका, स्टार एथलीट मुरली श्रीशंकर चोट के चलते पेरिस ओलिंपिक से बाहर

Edited Byराहिल सैयद | नवभारत टाइम्स | 19 Apr 2024, 9:18 am

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अन्नपूर्णा गुप्ता द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस प्लॉट नं 0535 एवं 1272 लालगुटवा रातू रोड पुलिस स्टेशन रांची में मुद्रित जनरल स्टोर पिनू चौक रांची 834002 से प्रकाशित
प्रधान संपादक अन्नपूर्णा गुप्ता कार्यालय का नं .851-2253830 ,9471717919, 9123244805 RNI NO JHAHIN / 2013/66670